संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -346 गुरूवार ,19 अक्टूबर 2023 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने जारी की दूसरी सूची

## छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव 2023 को लेकर अपनी 53 नामों की दूसरी सूची बुधवार को जारी कर दी

**» इससे पहले कांग्रेस ने 30 उम्मीदवारों के नामों का एलान किया था**

**रायपुर,18अक्टूबर 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस ने अपनी दूसरी सूची बुधवार को जारी कर दी। इस सूची में 53 नामों की घोषणा की गई है। इससे पहले कांग्रेस ने 30 उम्मीदवारों के नामों का एलान किया था। आज 53 और नामों को पार्टी ने मैदान में उतार दिया है। इस प्रकार कांग्रेस ने अभी तक 83 नामों का एलान कर दिया है। छत्तीसगढ़ में विधानसभा की 90 सीटें हैं।

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस ने अपनी दूसरी सूची बुधवार को जारी कर दी। इस सूची में 53 नामों की घोषणा की गई है। इससे पहले कांग्रेस ने 30 उम्मीदवारों के नामों का एलान किया था। आज 53 और नामों को पार्टी ने मैदान में उतार दिया है। इस प्रकार कांग्रेस ने अभी तक 83 नामों का एलान कर दिया है। छत्तीसगढ़ में विधानसभा की 90 सीटें हैं।

दूसरी सूची में कांग्रेस ने दुर्ग जिले की चार विधानसभा सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा की है। दुर्ग शहर से अरुण वोरा,



अहिवारा से निर्मल कोसरे भिलाई नगर से देवेंद्र यादव और वैशाली नगर से मुकेश चंद्राकर को उम्मीदवार बनाया गया है।

### इस सूची में बिलासपुर जिले के सभी छह विधानसभा प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी गई है

बिलासपुर - शैलेष पांडे
कोटा -अटल श्रीवास्तव
बेलतरा -विजय केशरवानी
बिल्हा -सियाराम कौशिक
मस्तूरी -दिलीप लहरिया
तखतपुर -रश्मि सिंह

### रायपुर दक्षिण से महंत रामसुंदर दास और रायपुर ग्रामीण से विधायक सत्यनारायण शर्मा के बेटे पंकज को टिकट

दूसरी सूची में महंत रामसुंदर दास रायपुर दक्षिण से चुनाव लड़ेंगे। वहीं रायपुर पश्चिम से विकास उपाध्याय, रापयुर ग्रामीण से विधायक सत्यनारायण शर्मा के बेटे पंकज शर्मा को मौका दिया गया है। अभनपुर से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेंद्र साहू, राजिम से अमितेष शुक्ला को दोबारा मौका दिया गया है। कुरूद से बीजेपी के अजय चंद्राकर के खिलाफ तारिणी चंद्राकर को उतारा गया है। भिलाई शहर से कांग्रेस के दिग्गज नेता मोतीलाल वोरा के बेटे अरुण वोरा को दोबारा मौका दिया गया है।

इसी तरह बिलासपुर से शैलेष पांडेय, रामानुजगंज से डॉ. अजय तीर्की, सामरी से विजय पैकरा, रायगढ़ से बीजेपी के ओपी चौधरी के खिलाफ कांग्रेस के प्रकाश शक्राजीत नायक चुनावी मैदान में होंगे।

कांग्रेस ने अपनी दूसरी लिस्ट में अधिकतर पुराने चेहरों को मौका दिया है।

इसके पहले कांग्रेस ने 30 उम्मीदवारों की सूची जारी की थी। जिसमें सीएम भूपेश बघेल पाटन से, डिप्टी सीएम टीएस सिंह देव अंबिकापुर से चुनाव लड़ने का एलान किया गया था। सीएम बघेल ने पहले ही कहा था कि नवरात्रि के पहले दिन रविवार को पार्टी उम्मीदवारों की लिस्ट जारी करेगी। इसके साथ ही आज दूसरी सूची जारी कर दी गई।

पहली सूची में पार्टी ने कोरबा से जय सिंह अग्रवाल, कवर्धा से मोहम्मद अकबर, खैरागढ़ से यशोदा वर्मा, कांकेर से शंकर ध्रुव, नारायणपुर सीट से चंदन कश्यप, दंतेवाड़ा से के छविंद्र महेंद्र कर्मा और बस्तर से लखेश्वर बघेल को उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस की पहली सूची में बघेल कैबिनेट के सभी मंत्रियों को टिकट मिला है। एक की सीट बदली गई है। विधानसभा अध्यक्ष चरण दास महंत फिर से सक्ती से मैदान में हैं। भूपेश बघेल सरकार में मंत्रीगुरु रुद्र कुमार की सीट बदल दी गई है। उन्हें इस बार अहिवारा की जगह नवागढ़ सीट से मैदान में उतारा गया है।

### इन 10 माननीयों की टिकिट कटी, इन 10 नयों को मिला मौका

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 के लिए कांग्रेस की बहुप्रतीक्षित उम्मीदवारों की फेहरिस्त जारी हो गई है।

हालांकि कांग्रेस प्रत्याशियों की दूसरी सूची में 53 के नाम घोषित किये गए हैं। इसबार कांग्रेस ने दूसरी सूची में 10 पुराने विधायको की टिकिट काट दिया है। इसी तरह 10 विधानसभा क्षेत्र में 10 नए प्रत्याशियों को मौका कांग्रेस पार्टी ने दिया है।

कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ के 53 कैंडिडेट की लिस्ट जारी की है। बता दें पहले 30 उम्मीदवार घोषित किए थे। राजस्थान की पहली लिस्ट कल तक आ सकती है। राज्य में अभी 7 सीटों पर कांग्रेस के प्रत्याशियों का ऐलान बाकी है। छत्तीसगढ़ में कुल 90 सीटें हैं।

इन माननीयों की टिकिट पार्टी ने काटी

धरसींवा से अनीता शर्मा,रामानुजगंज बृहस्पत सिहं,प्रतापपुर प्रेम साय टेकाम,जगदलपुर रेखचंद जैन, बिलाईगढ़ चंद्रदेव राय,सामरी चिंतामणि महाराज,लैलूंगा चक्रधर सिंह सिदार,पाली तानाखार से मोहित केरकेट्टा, मनेन्द्रगढ़ से डॉ विनय जायसवाल

उम्मीदवारों के ये हैं नए नाम

रायपुर ग्रामीण पिता सत्यनारायण शर्मा की जगह पुत्र पंकज शर्मा को टिकिट मिली है। धरसींवा से छाया वर्मा को और बलोदा बाजार से शैलेश नितिन त्रिवेदी,भाटापारा से नया नाम इंद्र कुमार साव, वैशाली नगर मुकेश चंद्राकर,अहिवारा निर्मल कोसरे, जगदलपुर से नितिन जायसवाल,लैलूंगा से विद्यावती सिदार,पाली तानाखार से दुलेश्वरी सिदार,कोटा से अटल श्रीवास्तव, प्रतापपुर से राजकुमारी।



# केंद्र सरकार ने इन 11 लाख से ज्यादा कर्मचारियों को दिया दिवाली गिफ्ट

**» 78 दिनों का बोनस देने का किया ऐलान**

**नई दिल्ली,18अक्टूबर 2023(ए)।** केंद्र सरकार ने रेलवे कर्मचारियों को तयौहारी सीजन में बड़ी खुशखबरी दी है। दरअसल सरकार ने रेल कर्मचारियों को 78 दिनों का बोनस देने का ऐलान किया है। प्रत्येक रेलकर्मी को मिलने वाला बोनस 17951 रुपए होगा। इसका लाभ 11 लाख से ज्यादा कर्मचारियों को होगा। ये प्रोडक्टिविटी लिंक्ड बोनस प्रोडक्टिविटी और मोटिवेशन बढ़ाने के लिए रेलवे के सभी गैर-राजपत्रित कर्मचारियों को दिया जाता है।

### पीएलबी भुगतान को मिली मंजूरी

बता दें कि रेलवे कर्मचारियों के उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए केंद्र सरकार ने 11,07,346 रेलवे कर्मचारियों को 1968.87 करोड़ रुपये के पीएलबी भुगतान को मंजूरी दी है। 2022-2023 में रेलवे का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा। रेलवे ने 1509 मिलियन टन का रिकॉर्ड माल लोड किया और लगभग 6.5 बिलियन यात्रियों को ले जाया।

# 11 एजीएम समेत 60 कर्मचारी सस्पेंड किए गए

**» बैंक ऑफ बड़ौदा की बॉब वर्ल्ड एप्प मामले में बड़ी कार्रवाई :**

**मुंबई,18अक्टूबर 2023(ए)।** बॉब वर्ल्ड एप्प की ऑडिट के बाद रिजर्व बैंक द्वारा की गई कार्रवाई को देखते हुए बैंक ऑफ बड़ौदा ने 60 से अधिक कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। इनमें से 11 एजीएम (सहायक महाप्रबंधक) हैं। एक बैंक कर्मचारी के अनुसार, एजीएम स्तर के अधिकारी स्केल पांच अधिकारी होते हैं जो आमतौर पर क्षेत्र प्रबंधकों, जोनल प्रमुखों और 25 से अधिक शाखा प्रमुखों की देखरेख करते हैं।

यह मामला बैंक के बॉब वर्ल्ड एप्प के ऑडिट से जुड़ा है। निलंबन पत्र में बैंक ने गंभीर अनियमितताओं की बात स्वीकार की है। ऐसा कहा जा रहा है कि कुछ कर्मचारियों ने अपने कार्यकाल के दौरान ग्राहक खाता नंबर फीड किए और फिर बॉब वर्ल्ड एप्प में पंजीकरण-डी-पंजीकरण किया, यह सब ग्राहक की सहमति के बिना किया गया।

### आरबीआई ने बैंक ऑफ बड़ौदा पर की थी कार्रवाई

रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया ने बैंक ऑफ बड़ौदा से बाब वर्ल्ड मोबाइल ऐप के निलंबन का आदेश जारी किया है। अब इस ऐप से नए ग्राहक नहीं जुड़ पाएंगे। बता दें कि बैंक ऑफ़ बड़ौदा भारत का दूसरा सबसे बड़ा पब्लिक सेक्टर बैंक है। लाखों ग्राहक इस बैंक से जुड़े हैं। रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया ने बीओबी पर पिछले दिनों बड़ी कार्रवाई की है। 10 अक्टूबर को निर्देश जारी करते हुए बैंक के बॉब वर्ल्ड मोबाइल एप्लीकेशन को तत्काल प्रभाव निलंबित कर दिया है। यानि इस ऐप पर अब नए ग्राहकों को जोड़ने की अनुमति नहीं होगी। यह कार्रवाई आरबीआई ने बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949 की धारा 35 (ए) के तहत की है।

### जांच के बाद कार्रवाई की गई

बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने कहा कि कुछ कर्मचारियों ने जो किया वह प्रथम दृष्टया कमीशन और चूक का मामला है, जिसके लिए विभागीय जांच की गई थी। जिसके बाद यह निष्कर्ष निकाला गया कि दोषी कर्मचारियों को निलंबित करना उचित है। निलंबित किए गए ज्यादातर कर्मचारी बीओबी से हैं। बैंक अब इसी तरह की कार्रवाई लखनऊ, भोपाल, राजस्थान और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ जोन में कर सकता है।

### एक तिहाई वेतन दिया जाएगा

बैंक ने 11 एजीएम समेत 60 से ज्यादा कर्मचारियों को सस्पेंड कर दिया है। निलंबन के दौरान उन्हें केवल एक तिहाई वेतन मिलेगा। यदि बैंक उन्हें दोषी पाता है, तो उन्हें दंडात्मक पोस्टिंग मिल सकती है या उनकी नौकरी भी जा सकती है। एक निलंबित कर्मचारी ने कहा, अगर दोषी नहीं पाया गया तो बैंक निलंबन अवधि के लिए मुआवजा देगा।

### नए ग्राहकों की भागीदारी आरबीआई के संतुष्टि के अधीन

दरअसल, बैंक के इस मोबाइल एप्लीकेशन पर ग्राहकों को शामिल करने के तरीके में देखी गई कुछ सामग्री पर्यवेक्षी चिंताओं को लेकर आरबीआई ने यह कदम उठाया है। ऐप पर बैंक के ग्राहकों की आगे की भागीदारी आरबीआई के संतुष्टि अनुसार देखी गई कमियों के सुधार और बैंक द्वारा संबंधित प्रक्रियाओं को मजबूत करने के अधीन होगी।

### आरबीआई ने दिया निर्देश,ग्राहकों को न हो परेशानी

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने निर्देश दिया है कि यह बैंक ऑफ बड़ौदा को सुनिश्चित करना होगा कि ऐप पर पहले से जुड़े ग्राहकों को इस कार्रवाई से कोई समस्या या व्यवधान न हो।

# सट्टा किंग बनना चाहता था मृगांक मिश्रा

**90 गरीबों के खातों में जमा कराए 2000 करोड़**

**प्रतापगढ़,18अक्टूबर 2023(ए)।** राजस्थान में प्रतापगढ़ जिले की पुलिस ने सट्टेबाजी के लिए कुख्यात महादेव ऐप के संचालक मृगांक मिश्रा को मुंबई एयरपोर्ट से अरेस्ट किया है. इस जालसाज ने सरकारी योजनाओं में लाभ का लालच देकर गरीबों के बैंक में खाते खुलवाए थे और 90 लोगों के खाते में सट्टेबाजी की 2000 करोड़ की रकम ट्रांजेक्ट कराई थी. इन खातों में अचानक से रुपयों की बारिश होने पर बैंक कर्मियों को शक हुआ तो जांच कराई गई. मामले का खुलासा होने के बाद मृगांक मिश्रा के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया गया था. प्रतापगढ़ एसपी अमित कुमार बुडानिया के मुताबिक मृगांक मिश्रा दुबई में बैठकर ऑपरेट करता था. वह मुख्य रूप से क्रिकेट मैच पर ऑनलाइन सट्टा चलता था. मूल रूप



से रतलाम मध्य प्रदेश का रहने वाले मृगांक ने अब तक करोड़ों रुपये का हेरफेर किया है. फिलहाल उसे 21 अक्टूबर तक पुलिस कस्टडी रिमांड पर लिया गया है. उन्होंने बताया कि इस जालसाज की तलाश कई राज्यों की पुलिस कर रही थी.

पुलिस की जांच में पता चला है कि हाल ही में कई नामी गिरामी लोगों के नाम भी इस ऐप से जुड़े होने की वजह से सामने आए हैं. इनमें कुछ फिल्मी हस्तियां भी हैं. प्रतापगढ़ एसपी के मुताबिक जालसाज मृगांक मिश्रा और उसके साथियों ने सट्टे की रकम को ठिकाने लगाने के लिए प्रताप गढ़ में भोले भाले लोगों को शिकार बनाया. उन्हें लालच देकर बैंकों में खाते खुलवाए और फिर इन्हीं खातों में ठगी की रकम ट्रांजेक्ट कराई.

उन्होंने बताया कि मामला खुलासे होने के बाद पुलिस ने तत्काल एक्शन लेते हुए इन बैंक खातों को सीज कराया, लेकिन इतने समय में पूरी रकम निकल चुकी थी. फिलहाल इन खातों में करीब 4 करोड़ रुपए की रकम मौजूद है, जिसे होल्ड करा दिया है. मृगांक से पहले चार और सटोरियों को इसी मामले में पकड़ा जा चुका है. इस संबंध में ईडी को भी सूचना देते हुए लुक आउट नोटिस जारी किया गया था. वहीं इसी क्रम में सूचना मिलने पर उसे दुबई से भारत आते समय मुंबई एयरपोर्ट पर ही दबोच लिया गया है.

# मुंबई पुलिस ने ड्रग डॉन को चेन्नई से पकड़ा

**मुंबई,18अक्टूबर 2023(ए)।** पुणे के ससून अस्पताल से दो सप्ताह पहले भागे ड्रग डॉन ललित पाटिल को मुंबई पुलिस की एक टीम ने चेन्नई से पकड़ लिया है। उसे बीती देर रात गिरफ्तार किया गया। एक अधिकारी ने बुधवार को यहां कहा कि उसे मुंबई लाया जा रहा है। पुलिस उसे पुणे ले जाने से पहले उसकी रिमांड की मांग करेगी।

मुंबई पुलिस ने पहले नासिक में उसकी अवैध नशीले पदार्थ निर्माण इकाई का भंडाफोड़ किया था। पिंपरी-चिंचवड़ पुलिस ने अक्टूबर 2020 में उसके करोड़ों रुपये के एमडी (मेफेड्रोन) रैकेट को नष्ट कर दिया था। ललित पाटिल को गिरफ्तार कर लिया गया और तब से वह जेल में बंद था। जून में टीबी और हर्निया के



इलाज के लिए उसे ससून अस्पताल में भर्ती कराया गया था।वह 2 अक्टूबर को मौका पाकर ललित पाटिल पुलिस को चकमा देने में कामयाब रहा। एक्स-रे के लिए ले जाते समय वह अस्पताल से भाग निकला। इस पर एक बड़ा राजनीतिक हंगामा भी खड़ा हो गया था। इस घटना की शिवसेना (यूबीटी) नेता सुषमा अंधारे, कांग्रेस के बालासाहेब थोराट और अन्य ने तीखी आलोचना की। उन्होंने ललित पाटिल के भागने में सत्तारूढ़ गठबंधन के मंत्री की संलिप्तता का आरोप लगाया।

# मिजोरम विधान सभा चुनाव

**बीजेपी ने 12 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की**

**नई दिल्ली,18अक्टूबर 2023(ए)।** भाजपा ने मिजोरम में होने वाले विधान सभा चुनाव के लिए 12 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी कर दी है। पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की मंजूरी के बाद भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह ने बुधवार को मिजोरम विधान सभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की इस पहली लिस्ट को जारी कर दिया।भाजपा ने हच्छेक विधान सभा सीट से माल्सावमत्लुआंगा, डम्पा से वनलालहमुअका, ममित से लालरिनलियाना सेलो, सेरलुई से




रॉबिन्सन, चम्फाई उत्तर से पी.एस. ज़टलुआंगा, ह्लांगतुर्जो से लालमलसावमा, लुंगलेई पश्चिम से आर. लालबियाक्लुआंगी और थोरांग से शांति बिकास चकमा सहित 12 उम्मीदवारों को मैदान में उतार दिया है।मिजोरम में 7 नवंबर को विधान सभा चुनाव होगा और मतगणना 3 दिसंबर को होगी।

# बिहार शिक्षा विभाग का नया फरमान

**अधिकारियों और कर्मचारियों के अवकाश रद्द**

**पटना ,18अक्टूबर 2023(ए)।** बिहार शिक्षा विभाग ने एक बार फिर नया फरमान निकाला है, जिसके तहत अधिकारियों और कर्मचारियों की 18 अक्तूबर से अगले आदेश तक सभी छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। इस संबंध में शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के.के. पाठक ने सभी जिला पदाधिकारियों को निर्देशित किया है। बताया जाता है कि प्रदेश में शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए राज्य मुख्यालय से लेकर जिला और प्रखंड स्तर तक के शिक्षा विभाग के सभी पदाधिकारियों और कर्मचारियों की छुट्टी बुधवार से अगले आदेश तक रद्द कर दी गई है।




इससे पहले बिहार लोक सेवा आयोग ने मंगलवार को उच्च माध्यमिक शिक्षक नियुक्ति परीक्षा के छह भाषा विषयों सहित 16 विषयों का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया।

चयनित अभ्यर्थियों की काउंसलिंग बुधवार से शुरू हो रही है। बताया जाता है कि इस दौरान करीब एक लाख शिक्षकों को काउंसलिंग होनी है। कहा यह भी गया है कि जो अभ्यर्थी काउसलिंग में भाग नहीं ले पाएंगे उन्हें आगे भी मौका दिया जाएगा। बताया जाता है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दो नवंबर को गांधी मैदान में बिहार लोक सेवा की अनुशंसा से चयनित विद्यालय अध्यापकों को नियुक्ति पत्र बांटेंगे।

# शरद पवार देश के प्रधानमंत्री नहीं हैं

### नरेन्द्र मोदी है सवाल उनसे पुछेगे:राहुल गांधी

### मोदी सरकार पर हमला,पैसा अडानी की जेब में जाता है

**नई दिल्ली,18अक्टूबर 2023(ए)।** कोयले की कीमत पर रिपोर्ट के बाद कांग्रेस नेता सांसद राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर जोरदार हमला बोला है। उद्योगपति गौतम अडानी ने कोयले की कीमतों को गलत बताकर



बिजली बिलों में हेराफेरी कर बिजली दरों में बढ़ोतरी की। राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि अडानी ने जनता की जेब से सीधे 12 हजार करोड़ रुपये ले लिए। राहुल गांधी से कुछ पत्रकारों ने पूछा कि आप शरद पवार से सवाल क्यों नहीं पूछते, क्योंकि वह भारत अघाड़ी के विरोध के बावजूद अडानी से मिलते हैं। यही वजह है कि राहुल गांधी ने शरद पवार से कोई सवाल नहीं पूछा। इसका जवाब दिया गया है कि शरद पवार देश के प्रधानमंत्री नहीं हैं। फाइनेंशियल टाइम्स की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अडानी की कंपनी ने कम कीमत पर कोयला खरीदकर इसकी कीमतें बढ़ा दीं।साथ ही, शरद पवार प्रधानमंत्री नहीं हैं। पवार अडानी को नहीं बचाते। पीएम मोदी उन्हें बचा रहे हैं। इसलिए मैं शरद पवार से नहीं बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पूछ रहा हूं।

# आजम खान को होगी 7 साल की सजा

## फर्जी प्रमाण-पत्र मामले में आजम खान परिवार समेत जाएंगे जेल

**रामपुर ,18अक्टूबर 2023(ए)।** सपा नेता आजम खान के दो जन्म प्रमाण पत्र केस में आजम खान परिवार को कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। रामपुर कोर्ट ने अब्दुल्ला, पिता आजम खान और मां तजीन फातिमा को दो जन्मतिथि केस में दोषी करार देते हुए सात साल की सजा सुना दी है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दोषी करार देते ही तीनों को हिरासत में ले लिया था। अब सजा सुना दिया गया है और आज ही तीनों को कोर्ट से सीधे जेल भेजा जाएगा। बीजेपी नेता आकाश सक्सेना ने अब्दुल्ला आजम के दो जन्म प्रमाण पत्र को लेकर केस दायर किया था जिस पर फैसला आया है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रामपुर कचहरी में भारी संख्या में



पुलिस की तैनाती कर दी गई है।

2017 के विधानसभा चुनाव में आजम खान के बेटे अब्दुल्ला आजम रामपुर की स्वार विधानसभा सीट से सपा के टिकट पर चुनाव लड़े थे। इस चुनाव में उन्हें जीत भी मिली थी। उनके विरोधी उम्मीदवार और बीएसपी नेता नवाब काजिम अली खान ने अब्दुल्ला की उम्र को लेकर हाई कोर्ट में चुनौती दी। उन्होंने आरोप लगाया था कि अब्दुल्ला की उम्र विधायकी चुनाव लड़ने की नहीं है।

शैक्षिक प्रमाण पत्रों में अब्दुल्ला की जन्म तिथि 1 जनवरी 1993 है जबकि उनके बर्थ सर्टिफिकेट में 30 सितंबर 1990 थी। हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए अब्दुल्ला की ओर से पेश किए गए जन्म प्रमाण पत्र को फर्जी पाया था और स्वार सीट से उनका चुनाव रद्द कर दिया था। कोर्ट ने पाया था कि साल 2017 में चुनाव लड़ने के दौरान अब्दुल्ला की उम्र 25 साल से कम थी।

# बहुमंजिला इमारत में लगी भीषण आग

**बेंगलुरु,18अक्टूबर 2023(ए)।** बेंगलुरु के कोरामंगला इलाके में बुधवार को एक इमारत की चौथी मंजिल पर आग लग गई। इस आग में एक पब जलकर खाक हो गया। हालांकि, इस घटना में अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। पुलिस के मुताबिक, अग्निशमन बल के आपातकालीन कर्मी मौके पर पहुंच गए हैं और आग बुझा रहे हैं।कर्मचारी आग को आसपास की इमारतों तक फैलने से रोकने के लिए कड़ी मशक्कत कर रहे हैं। आग से खुद को बचाने के लिए चौथी मंजिल पर फंसे एक व्यक्ति ने इमारत से छलांग लगा दी। सौभाग्य से वह एक पेड़ पर जा गिरा और उसे अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने कहा कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि मडपाइप हुक्का कैफे की रसोई में गैस रिसाव के कारण आग लगी। कुछ ही समय में आग ने पूरे पब को अपनी चपेट में ले लिया।कर्मचारी आग से बचने में कामयाब रहे। जैसे ही पब की चादरें और अन्य उपकरण पार्किंग क्षेत्र में गिरे, कुछ दोपहिया वाहनों में भी आग लग गई। यह भी आशंका है कि आग में आठ से दस एलपीजी सिलेंडर फट गए, जिससे इमारत बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इस इमारत में एक कार शोरूम भी है। सद्दुगुंटेपाल्या पुलिस मामले की जांच कर रही है।



CMYK

## संपादकीय

### कांग्रेस में बेटों, भतीजों को टिकट

कांग्रेस पार्टी के ऊपर भले परिवारवाद के आरोप लगें लेकिन वह नेताओं के बेटे, भतीजों, भाइयों आदि को टिकट देने में नहीं हिचकती है। हर चुनाव में कांग्रेस के कुछ पुराने नेता अपनी सीट छोड़ रहे हैं और अपने बच्चों को आगे कर रहे हैं। कुछ नेता तो खुद भी चुनाव लड़ रहे हैं और परिवार के सदस्यों के लिए भी टिकट ले रहे हैं। कांग्रेस ने अभी तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव के लिए 229 उम्मीदवारों की घोषणा की है। इसमें कई सीटों पर पार्टी के पुराने नेताओं ने अपनी दावेदारी छोड़ दी और उनकी जगह उनके बेटों को टिकट दी गई। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के दिवंगत नेता महेंद्र कर्मा के बेटे छविंद्र कर्मा को दंतेवाड़ा से टिकट दी गई है। महेंद्र कर्मा की नक्सलियों ने हत्या कर दी थी। उसके बाद उनकी पत्नी देवती कर्मा चुनाव लड़ी थीं लेकिन इस बार उनकी जगह उनके बेटे छविंद्र को टिकट दी गई है।

इसी तरह मध्य प्रदेश के दिग्गज नेता कांतिलाल भूरिया की जगह उनके बेटे विक्रांत भूरिया को झाबुआ सीट से कांग्रेस ने टिकट दी है। मध्य प्रदेश में कमलनाथ के बेटे नकुल नाथ सांसद हैं, जबकि कई चुनाव पहले ही दिग्विजय सिंह की सीट से उनके बेटे जयवर्धन चुनाव लड़ते हैं। दिग्विजय सिंह के भाई लक्ष्मण सिंह भी चुनाव लड़ रहे हैं और भतीजे प्रियव्रत सिंह को भी टिकट मिली है। उधर तेलंगाना में पार्टी के सांसद एन उत्तम कुमार रेड्डी चुनाव लड़ रहे हैं और उनके साथ ही उनकी पत्नी पद्मावती रेड्डी भी विधानसभा का चुनाव लड़ रही हैं। कांग्रेस भी बड़े नेताओं को चुनाव लड़ा कर ज्यादा से ज्यादा सीटों पर जीत सुनिश्चित करना चाहती है। इसी रणनीति के तहत भाजपा भी मजबूत उम्मीदवारों को उतार रही है।

# राजस्थान में बदलाव की बयार



रमेश सर्राफ धमोरा
झुंझुनू, राजस्थान

राजस्थान में पिछले तीस वर्षों से हर पांच साल बाद सत्ता बदलने का रिवाज चला आ रहा है। अगले महीने होने वाले राजस्थान विधानसभा के चुनाव में जहां भाजपा हर बार राज बदलने के रिवाज को बनाए रखने का प्रयास कर रही है। वही सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी फिर से सरकार बनाकर रिवाज बदलना चाहती है। चुनाव में दोनों ही पार्टियों पूरे दमखम के साथ उतरने जा रही है। तीसरे मोर्चे के रूप में बसपा, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी, आम आदमी पार्टी, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिममीन, भारतीय आदिवासी पाटी, वामपंथी पार्टिया जैसे छोटे राजनीतिक दल भी प्रदेश की राजनीति में तीसरी शक्ति बनकर सत्ता की चाबी अपने हाथ में लेना चाहते हैं।

राजस्थान में पिछले 30 वर्षों से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कांग्रेस की मुख्य धुरी बने हुए हैं। तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके अशोक गहलोत के इर्द-गिर्द ही कांग्रेस की राजनीति घूमती है। कांग्रेस पार्टी में जैसा गहलोत चाहते हैं वैसा ही होता है। 1998 में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रहते अशोक गहलोत जब पहली बार मुख्यमंत्री बने थे। तब राजस्थान में कांग्रेस की राजनीति में कई दिग्गज नेता सक्रिय थे। जिनमें मुख्य परसराम मदेरणा, शीशराम ओला, नवल किशोर शर्मा, कुंवर नटवर सिंह, शिवचरण माथुर, जगन्नाथ पहाड़िया, हीरालाल देवपुरा, बलराम जाखड़, चौधरी नारायण सिंह, रामनारायण चौधरी, कमला बेनीवाल, खेत सिंह राठौड़, प्रद्युम्न सिंह, गुलाब सिंह शक्तावत जैसे दिग्गज नेता मौजूद थे। उस वक्त गहलोत ने इन सभी को मात देकर मुख्यमंत्री का पद हासिल किया था। बाद में गहलोत ने एक-एक कर सभी बड़े नेताओं को सक्रिय राजनीति से किनारे लगा दिया। आज स्थिति यह है कि कांग्रेस की राजनीति में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के प्रतिद्वंदी बनकर उभरे सचिन पायलट भी साइड लाईन हो चुके हैं। गांधी परिवार के वफादार भंवर जितेंद्र सिंह का व्यक्तित्व इतना बड़ा नहीं है कि उनके नाम पर मुख्यमंत्री पद के लिए आम सहमति बन सके। 2008 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रहते सीपी जोशी मुख्यमंत्री पद के सबसे मजबूत दावेदार बने थे। मगर उनकी एक वोट से हुई हार ने उनका राजनीतिक कैरियर ही चौपट कर दिया था। गत वर्ष कांग्रेस आलाकमान ने गहलोत के स्थान पर सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बनाने का प्रयास किया था। जिसके लिए मल्लिकार्जुन खड़गे व अजय माकन पर्यवेक्षक बन कर जयपुर आए थे। मगर विधायकों द्वारा विधायक दल की बैठक का बहिष्कार कर देने से सचिन पायलट दूसरी बार मुख्यमंत्री बनते बनते रह गए थे।

मुख्यमंत्री गहलोत पिछले पांच साल से लगातार अपनी सभाओं में कहते आ रहे हैं कि वह चौथी बार भी मुख्यमंत्री बनेंगे। मगर लगता है कि अब कांग्रेस में भी बड़ा उलट-पुलट होने वाला है। विधानसभा चुनाव के बाद यदि कांग्रेस पार्टी फिर से सरकार बनती है तो गहलोत के स्थान पर किसी नए नेता को ही कमान मिलने की अधिक संभावना नजर आने लगी है। पिछले पांच वर्षों में जिस तरह से गहलोत ने सरकार चलाई है। उससे कांग्रेस नेता राहुल गांधी संतुष्ट नहीं बताये जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा हायर की गई एक निजी प्रचार एजेंसी डिजाइन बॉक्स को लेकर भी पार्टी में बड़ा विवाद हुआ था। डिजाइन बाक्स को गहलोत ने अपनी छवि चमकाने के लिए हायर किया था। इस एजेंसी की कार्यप्रणाली को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की डिजाइन बॉक्स के फाउंडर नरेश अरोड़ा से तकरार हो चुकी है। डिजाइन बॉक्स की नियुक्ति कांग्रेस आलाकमान को पसंद नहीं आ रही है। कांग्रेस आलाकमान कर्नाटक चुनावों में कांग्रेस के रणनीतिकार रहे सुनील कानुगोलू को राजस्थान में कांग्रेस की चुनावी रणनीति बनाने के लिए नियुक्त करना चाहता था। मगर मुख्यमंत्री गहलोत के विरोध के चलते उन्हें मध्य प्रदेश भेजना पड़ा था।

कांग्रेस आलाकमान ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को इस बार कांग्रेस कार्य समिति का सदस्य भी नहीं बनाया है। जबकि उनके प्रतिद्वंदी सचिन पायलट व कैबिनेट मंत्री महेंद्रजीत मालवीय को कार्य समिति में लिया गया है। आदिवासी नेता महेंद्रजीत मालवीय को कार्य समिति में लाकर राहुल गांधी प्रादेशिक नेतृत्व में बदलाव के संकेत दे रहें हैं। गहलोत के स्थान पर राजस्थान में सचिन पायलट, भंवर जितेंद्र सिंह, महेंद्रजीत मालवीय, सीपी जोशी जैसे नेताओं को बड़ी भूमिका मिल सकती है।




राजस्थान में भाजपा भी पूरे बदलाव के दौर से ही गुजर रही है। 2002 से लेकर अब तक पार्टी की एक छत्र नेता रही वसुंधरा राजे के स्थान पर पार्टी में कई नेताओं को आगे बढ़ाया जा रहा है। भाजपा में नया नेतृत्व लाने के लिए ही पार्टी ने इस बार किसी भी नेता के चेहरे पर चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है। भाजपा सामूहिक नेतृत्व व कमल के निशान पर चुनाव मैदान में उतरने जा रही है। अभी प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनिया, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, कैलाश चौधरी, अर्जुन मेघवाल, सांसद दीया कुमारी, किरोड़ीलाल मीणा, राज्यवर्धन राठौड़ अग्रिम पंक्ति के नेताओं में शुमार हैं। प्रदेश में यदि भाजपा की सरकार बनती है तो इनमें से ही कोई मुख्यमंत्री बन सकता है।

जिस तरह से वसुंधरा राजे समर्थक नेताओं के टिकट काटे जा रहे हैं उससे लगता है कि आने वाला समय वसुंधरा राजे के लिए अच्छा नहीं रहने वाला है। 2013 से 18 के कार्यकाल में वसुंधरा राजे के इर्द-गिर्द ऐसे चापलूस नेताओं की का जमावड़ा हो गया था जो सिर्फ उनकी जी हजूरी में ही लगे रहते थे। उस कार्यकाल में वसुंधरा राजे ने एक मुख्यमंत्री की बजाय महारानी के रूप में शासन चलाया था। जिसके चलते ही 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा 163 सीटों से घटकर 73 सीटों पर सिमट गई थी।

प्रदेश में पार्टी की करारी हार से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वसुंधरा राज्य से नाराज हो गए। उसके बाद से ही उन्हें प्रदेश की राजनीति में अलग थलग करना शुरू हो गया। 2019 के लोकसभा चुनाव में भी वसुंधरा को बड़ी भूमिका नहीं दी गई थी। उसके उपरांत भी भाजपा ने प्रदेश की सभी 25 सीटों पर जीत दर्ज की थी। इससे भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं को यह बात समझ में आ गई कि बिना वसुंधरा के भी राजस्थान में भाजपा मजबूती से पैर जमा सकती है।

इस बार के विधानसभा चुनाव में वसुंधरा राजे को अभी तक कोई बड़ी भूमिका नहीं दी गई है। उनके कट्टर समर्थकों के टिकट भी काटे जा रहे हैं। वसुंधरा राजे गुट के कालीचरण सर्राफ, अशोक परनामी, यूनुस खान, प्रताप सिंह सिंघवी, भवानी सिंह राजावत, देवी सिंह भाटी, रोहिताश शर्मा, कालूलाल गुर्जर, नरपतसिंह राजवी, राजपाल सिंह शेखावत, खेमाराम मेघवाल, अशोक लाहोटी जैसे नेताओं के स्थान पर नए लोगों को टिकट देकर पार्टी वसुंधरा राजे का रहा सहा प्रभाव भी खत्म करने का प्रयास कर रही है। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि राजस्थान में इस बार बड़ी संख्या में नये नेता चुन कर आयेगें। जिससे आने वाले समय में प्रदेश की राजनीति में बड़ा बदला बदलाव देखने को मिलेगा।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## कइसे चढ़ावा फुलवा हार

कइसे चढ़ावा फुलवा हार
तोर चरण के मै ह फुलवा
अर्पण हावय ओ बार-बार
कइसे चढ़ावा....
तन मोर दीया मन मोर बाती
भक्ति-भजन करंव दिन राती
तहीं हर दाई मोर पालनहार
कइसे चढ़ावा....
तंय मोर दाई,तहीं महामायी
तंय ह गौरी दुर्गा काली माई
तोर पूजा करय जग-संसार
कइसे चढ़ावा....
नव दिन अउ, नवराती दाई
तोर करथन ओ सेवा बढ़ाई
तभो नई पावां ओ मै ह पार
कइसे चढ़ावा....
तोर सेवा तोर जस ल गावंव
मै हर भाग अपन सहरावंव
मोर हरले दाई, दुख के भार
कइसे चढ़ावा....
देवता-धामी,नर मुनी ज्ञानी
सबके दाई तंय हर महरानी
सबके करे हस ओ उपकार
कइसे चढ़ावा....



अशोक पटेल आशु
मेघा,धमतरी
छत्तीसगढ़

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## दैवीय जीवंत प्रतिमा का रूप-माँ






प्रिया देवांगन प्रियू
राजिम गरियाबंद
छत्तीसगढ़

नवरात्री लगते ही भक्तगण माँ अम्बे, भवानी , दुर्गा जैसे विभिन्न रूपों की प्रतिमा का अलग-अलग दिन विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना करते हैं। सामर्थ्य अनुसार माँ को श्रृंगार सामग्री, मिठाई व फल-फूल चढ़ाते हैं। पर उस प्रतिमा का क्या ? जो आज अपने ही घर में बेबस और लाचार पड़ी है। मेरा मतलब, अपनी ही जननी से; जिसने हमें जाया है। यह सच है, आज भी कई माएँ वृद्धाश्रम में हैं, जो अपने बहू-बेटे व पोते-पोती की राह ताक रही हैं; और इस आस में बैठी हुई हैं कि उनके बेटे उन्हें लेने जरूर आयेंगे। नवरात्री में लोग जितनी सेवा व पूजा माँ की प्रतिमा का करते हैं, अगर उनकी आधी सेवा भी अपनी माँ के लिये करते , तो आज हर घर एक मंदिर बन जाता।

माँ अम्बे की प्रतिमा में माँ अम्बे विराजती है, लेकिन एक साक्षात प्रतिमा, जिसे दुनिया माँ के नाम से जानती है; में पूरा ब्रम्हाण्ड विराजमान होता है। सिर्फ मंदिर जाकर दान-दक्षिणा देने से ही माँ अम्बे खुश नहीं होती। अगर कोई मातारानी को खुश रखना चाहते हैं तो सबसे पहले अपनी माँ को खुश रखना सीखें। अगर आप घर की माँ को खुश रखेंगे, तभी मंदिर की माँ खुश होगी।

माँ अम्बे यह नहीं चाहती कि भक्त नौ दिन तक उनके द्वार ही आये, उनकी पूजा-अर्चना करे। नारियल, फल-फूल और मेवा चढ़ाये। माँ फल और मेवा की भूखी नहीं होती है। माँ तो केवल सच्ची सेवा, निश्छल भक्ति चाहती है। अगर सब मिलकर अपनी माँ को खुश करते, माँ की सेवा करते तो आज शायद पृथ्वी पर यह संकट नहीं आता।

विचार करें कि आज इस दुनिया में कितनी सारी माँ वृद्धाश्रम में रहती हैं। रोते-बिलखते अपने बच्चों को याद करती हैं।

उस माँ को कभी न तड़पाएँ, जिसने आपका पालन पोषण किया है। अमृत रूपी दुग्ध पान कराया है। आपको अपने हाथों से भोजन कराया है । माँ को भी अपने बच्चों से यही आशा रहती है कि जब वे बूढ़े हो जाएँगे तो ऐसे ही उनके बच्चे उनकी भी सेवा करेंगे। माँ तो माँ होती है न। अपने बच्चों के बारे में कभी गलत नहीं सोच सकतीं। लेकिन माँ को क्या पता कि वे बुढ़े होते ही बोझ बन जाएँगे।

उन्हें वृद्धाश्रम में छोड़ आएँगे।

हर इंसान को यह समझना बहुत जरूरी है, जिस माँ ने हमें ऊँगली पकड़ के चलना सिखाया, उसे कतई बेसहारा न छोड़ें। वे बहुत खुशनसीब होते हैं, जिनके माँ-बाप उनके साथ हमेशा रहते हैं। अनाथ आश्रम के बच्चे अपने माता-पिता को देखने के लिए तरसते हैं। माता-पिता की कीमत उस गरीब अनाथ बच्चों से पूछें कि माता-पिता क्या होते हैं। बड़ा घर ,बड़ी गाड़ी , बंगला और पैसे रखने वाले ही अमीर नहीं होते। जिस घर में बूढ़े माँ-बाप की सेवा होती है, वह घर एक मंदिर होता है। आज अगर संसार मे माता-पिता को बोझ नहीं समझते , माँ अम्बे की तरह उनकी पूजा-सेवा करते, तो कहीं भी वृद्धाश्रमों की जरूरत नहीं पड़ती।

आज आप ऐसा करेंगे तो कल आपके बच्चे भी आपके साथ ऐसा ही व्यवहार करेंगे। यूँ कहें , जैसे करनी वैसा फल, आज नहीं तो निश्चय कल। एज़ यू सो, सो यू रीप। बोये पेड़ बबूल का, आम कहाँ से होय। है ना...? जय माता दी।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# नवरात्रिःमाता के विभिन्न नौ स्वरूप



सोनल मंजू श्री ओमर
राजकोट, गुजरात

आज से शारदीय नवरात्रि की शुरुआत हो रही है। इन नौ दिनों में पूरी भक्ति से मां दुर्गा की उपासना की जाएगी। नवरात्रि का हर दिन मां दुर्गा को समर्पित है। नवरात्रि के नौ दिनों तक दुर्गा मां के अलग-अलग नौ रूपों की पूजा की जाती है। नवरात्रि के अंतिम दिन को महानवमी कहा जाता है और इस दिन कन्या पूजा की जाती है। आइए जानते हैं कि नवरात्रि में किस दिन माता के किस स्वरूप को पूजा जाएगा।

### 1. माँ शैलपुत्री

माँ दुर्गा का पहला स्वरूप शैलपुत्री है। शैल का मतलब होता है शिखर। धार्मिक शास्त्रों के अनुसार देवी शैलपुत्री कैलाश पर्वत की पुत्री है, इसीलिए देवी शैलपुत्री को पर्वत की बेटी भी कहा जाता है। वृषभ (बैल) इनका वाहन होने के कारण इन्हें वृषभारूढा के नाम से भी जाना जाता है। इनके दाएं हाथ में त्रिशूल है और बाएं हाथ में इन्होंने कमल धारण किया हुआ है। मां के इस रूप का वास्तविक अर्थ है- चेतना का सर्वोच्चतम स्थान।

### 2. माँ ब्रह्मचारिणी

नवरात्र पर्व के दूसरे दिन माता ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना की जाती है। ब्रह्म का अर्थ है तपस्या और चारिणी यानी आचरण करने वाली7 इस प्रकार ब्रह्मचारिणी का अर्थ हुआ तप का आचरण करने वाली। मां दुर्गा ने पार्वती के रूप में पर्वतराज के यहां पुत्री बनकर जन्म लिया और महर्षि नारद के कहने पर अपने जीवन में भगवान महादेव को पति के रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। हजारों वर्षों तक अपनी कठिन तपस्या के कारण ही इनका नाम तपश्चारिणी या ब्रह्मचारिणी पड़ा। अपनी इस तपस्या की अवधि में इन्होंने कई वर्षों तक निराहार रहकर और अत्यन्त कठिन तप से महादेव को प्रसन्न कर लिया। मां ब्रह्मचारिणी के दाएं हाथ में माला और बाएं हाथ में कमंडल है।

### 3. माँ चंद्रघंटा

नवरात्रि में तीसरे दिन माता चंद्रघंटा की पूजा-आराधना की जाती है। इस देवी के मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्र है। इसीलिए इस देवी को चंद्रघंटा कहा गया है। इनके शरीर का रंग सोने के समान बहुत चमकीला है। इस देवी के दस हाथ हैं। वे खड्ग और अन्य अस्त्र-शस्त्र से विभूषित हैं। सिंह पर सवार इस देवी की मुद्रा युद्ध के लिए उद्धत रहने की है। इनके घंटे सी भयानक ध्वनि से अत्याचारी दानव-दैत्य और राक्षस काँपते रहते हैं।

देवी का यह स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इसीलिए कहा जाता है कि हमें निरंतर उनके पवित्र विग्रह को ध्यान में रखकर साधना करना चाहिए। उनका ध्यान हमारे इहलोक और परलोक दोनों के लिए कल्याणकारी और सद्गति देने वाला है।

### 4. माँ कुष्मांडा

नवरात्रि के चौथे दिन माँ दुर्गा जी के चौथे स्वरूप माँ कुष्मांडा का पूजन अर्चन किया जाता है। कुष्मांडा का अर्थ होता है - कुम्हड़े(कद्दू)। माँ को बलियों में कुम्हड़े की बलि सबसे ज्यादा पसंद है। इसलिए इन्हें कुष्मांडा देवी कहा जाता है। माँ कुष्मांडा को अष्टभुजा भी कहा जाता है। क्योंकि माँ कुष्मांडा के आठ भुजाएं हैं जिनमें कमंडल, धनुष-बाण, कमल पुष्प, शंख, चक्र, गदा और सभी सिद्धियों को देने



वाली जपमाला है। इन सबके अलावा माँ के हाथ में अमृत कलश भी है। माँ कुष्मांडा की सवारी सिंह है।

### 5. माँ स्कंदमाता

नवरात्रि में पांचवें दिन इस देवी की पूजा-अर्चना की जाती है। स्कंद कुमार कार्तिकेय की माता के कारण इन्हें स्कंदमाता नाम से अभिहित किया गया है। इनके विग्रह में भगवान स्कंद बालरूप में इनकी गोद में विराजित हैं। इनका वर्ण एकदम शुभ्र है। इस देवी की चार भुजाएं हैं। यह दायीं तरफ की ऊपर वाली भुजा से स्कंद को गोद में पकड़े हुए हैं। नीचे वाली भुजा में कमल का पुष्प है। बायीं तरफ ऊपर वाली भुजा में वरद मुद्रा में हैं और नीचे वाली भुजा में कमल पुष्प है। इसीलिए इन्हें पद्मासना भी कहा जाता है। सिंह इनका वाहन है।

पहाड़ों पर रहकर सांसारिक जीवों में नवचेतना का निर्माण करने वालीं स्कंदमाता। कहते हैं कि इनकी कृपा से मूढ़ भी ज्ञानी हो जाता है।

### 6. माँ कात्यायनी

नवरात्रि के छठे दिन जगत जननी माँ दुर्गा के छठे स्वरूप माँ कात्यायनी का पूजन एवं आराधना की जाती है। स्कन्द पुराण में उल्लेख है कि वे परमेश्वर के नैसर्गिक क्रोध से उत्पन्न हुई थीं, जिन्होंने देवी पार्वती द्वारा दी गई सिंह पर आरूढ़ होकर महिषासुर का वध किया। वे शक्ति की आदि रूपा है, जिसका उल्लेख पाणिनि पर पतञ्जलि के महाभाष्य में किया गया है। माँ कात्यायनी परम्परागत रूप से देवी दुर्गा की तरह लाल रंग से जुड़ी हुई हैं। नवरात्रि उत्सव के षष्ठी को उनकी पूजा की जाती है। उस दिन साधक का मन आज्ञा चक्र में स्थित होता है। योगसाधना में इस आज्ञा चक्र का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। इस चक्र में स्थित मन वाला साधक माँ कात्यायनी के चरणों में अपना सर्वस्व निवेदित कर देता है। परिपूर्ण आत्मदान करने वाले ऐसे भक्तों को सहज भाव से माँ के दर्शन प्राप्त हो जाते हैं।

### 7. माँ कालरात्रि

नवरात्रि के सातवें दिन जगत जननी माँ दुर्गा के सातवें स्वरूप माँ कालरात्रि का पूजन एवं आराधना की जाती है। माँ के शरीर का रंग घने अंधकार की तरह एकदम काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में विद्युत की तरह चमकने वाली माला है। इनके तीन नेत्र हैं। ये तीनों नेत्र ब्रह्मांड के सदृश गोल हैं। इनसे विद्युत के समान चमकीली किरणें निःसृत होती रहती हैं। माँ की नासिका के श्वास-प्रश्वास से अग्नि की भयंकर ज्वालाएँ निकलती रहती हैं। इनका वाहन गर्दभ (गदहा) है। ये ऊपर उठे हुए दाहिने हाथ की वरमुद्रा से सभी को वर प्रदान करती हैं। दाहिनी तरफ का नीचे वाला हाथ अभयमुद्रा में है। बाई तरफ के ऊपर वाले हाथ में लोहे का काँटा तथा नीचे वाले हाथ में खड्ग (कटार) है।

माँ कालरात्रि का स्वरूप देखने में अत्यंत भयानक है, लेकिन ये सदैव शुभ फल ही देने वाली हैं। इसी कारण इनका एक नाम %शुभंकारी% भी है।

### 8. माँ महागौरी

नवरात्रि के आठवें दिन जगतजननी माँ दुर्गा के आठवें स्वरूप माँ महागौरी का पूजन एवं आराधना की जाती है। माँ का वर्ण पूर्णतः गौर है। इस गौरता की उपमा शंख, चंद्र और कुंद के फूल से दी गई है। इनकी आयु आठ वर्ष की मानी गई है- अष्टवर्षा भवेद् गौरी। इनके समस्त वस्त्र एवं आभूषण आदि भी श्वेत हैं। माँ महागौरी की चार भुजाएँ हैं। इनका वाहन वृषभ है। इनके ऊपर के दाहिने हाथ में अभय मुद्रा और नीचे वाले दाहिने हाथ में त्रिशूल है। ऊपरवाले बाएँ हाथ में डमरू और नीचे के बाएँ हाथ में वर-मुद्रा हैं। इनकी मुद्रा अत्यंत शांत है। महागौरी रूप में देवी करुणामयी, स्नेहमयी, शांत और मृदुल दिखती हैं।

### 9. माँ सिद्धिदात्री

नवरात्रि के नौवें दिन दुर्गा जी के नौवें स्वरूप मां सिद्धदात्री की पूजा और अर्चना का विधान है। जैसा कि इनके नाम से ही स्पष्ट हो रहा है कि सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाली देवी हैं मां सिद्धिदात्री। इनके चार हाथ हैं और ये कमल पुष्प पर विराजमान हैं। वैसे इनका वाहन भी सिंह ही है। इनके दाहिनी ओर के नीचे वाले हाथ में चक्र है और ऊपर वाले हाथ में गदा है। बाई ओर के नीचे वाले हाथ में कमल का फूल है और ऊपर वाले हाथ में शंख है। प्राचीन शास्त्रों में अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व, और वशित्व नामक आठ सिद्धियां बताई गई हैं। ये आठों सिद्धियां मां सिद्धिदात्री की पूजा और कृपा से प्राप्त की जा सकती हैं।

इस प्रकार माता के नौ दिन के नौ स्वरूप की महिमा निराली है। शारदीय नवरात्र पर्व की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं। माता आप सभी के जीवन मे अपरम्पार खुशियां लाएं।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## गीत

मेरी माँ के पल्लू से ही,
मिलती है मुझको छाया।
वही विटप हैं अनुपम भू पर,
मोहक जिसका सरमाया।।
जब भी ग्रीष्म जलाती ये तन,
घनी छाँव बन जाती है ।
सो जाती हूँ नींद चैन की,
लोरी मात सुनाती है।।
उसने ही ममता का घन नित,
मेरे ऊपर बरसाया।
मेरी माँ के पल्लू से ही,
मिलती है मुझको छाया।।
उसकी एक फूँक से सब ही
दर्द दूर से हो जाते ।
जब पीर बढ़े अंतर्मन की,
सिर रख गोदी सो जाते।।
देकर आशीषों की दौलत,
माँ ने पथ सुगम बनाया।
मेरी माँ के पल्लू से ही,
मिलती है मुझको छाया।।
हम भाई- बहिन की खुशियों पर,
वो बलिहारी जाती है।
वह वात्सल्य की देवी सी,
देख हमें हर्षाती है।।
वो कभी सखी बनकर खेले,
कभी बनी अपनी आया।
मेरी माँ के पल्लू से ही,
मिलती है मुझको छाया।।



प्रीति चौधरी मनोरमा
बुलंदशहर
उत्तरप्रदेश

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# अदालत का फैसला भारतीय संस्कृति की जीत



समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता का मुद्दा भारतीय जनजीवन में लंबे समय से चर्चा का विषय रहा है। देश की शीर्ष अदालत सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिक शादी को स्पेशल मैरिज ऐक्ट के तहत मान्यता देने से इनकार कर वाकई ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। देखा जाये तो सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की संवैधानिक बेंच का यह फैसला भारतीय संस्कृति, भारतीय परम्पराओं, जीवनमूल्यों, संस्कारों, आदर्शों और भारतीयता की जीत है। अदालत ने समलैंगिक कपल को बच्चे गोद लेने का हक भी देने से इंकार किया है। अदालत का फैसला भारतीय जन भावनाओं एवं संस्कारों की पुष्टि भी करता है साथ ही भारतीय मूल्यों, संस्कृति एवं आदर्शों को धुंधलाने एवं आहत करने वाली विदेशी ताकतों को चेताता है जो कि भारत का सामाजिक एवं पारिवारिक चरित्र बिगाड़ने की साजिश रच रहे हैं। निश्चित ही अदालत का यह सराहनीय फैसला भारत की अतीत से चली आ रही विवाह परम्परा एवं संस्कृति को जीवंत रखने एवं मजबूती देने का अनूठा उपक्रम है।

कोर्ट ने यह साफ कर दिया है कि कोर्ट कानून नहीं बना सकता, उनकी व्याख्या कर सकता है। स्पेशल मैरिज ऐक्ट में बदलाव करना संसद का काम है। निश्चित ही सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी गौर करने योग्य है। सम्मानित एवं विद्वान न्यायमूर्तियों ने यह स्वीकार किया है कि समलैंगिक सम्बन्ध रखने वाले व्यक्तियों के एक नागरिक के नाते जो अधिकार हैं वे उन्हें मिलने चाहिए और सामाजिक क्षेत्र में अन्य नागरिकों की तरह उन्हें भी बराबर के मौलिक अधिकार दिये जाने चाहिए परन्तु जहां तक उनके आपस में ही शादी करने का मामला है तो यह विषय संसद में बैठे जनता के चुने हुए प्रतिनिधियों को देखना चाहिए। वैसे जो लोग समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता दिये जाने के पक्ष में खड़े थे या अब भी खड़े हैं उन्हें समझना चाहिए कि हिंदू धर्म में शादी के गहरे अर्थ है, विवाह, जिसे शादी भी कहा जाता है, दो विपरीत लिंगी लोगों के बीच एक सामाजिक या धार्मिक मान्यता प्राप्त मिलन है जो उन लोगों के बीच, साथ ही उनके और किसी भी परिणामी जैविक या दत्तक बच्चों तथा समधियों के बीच अधिकारों और दायित्वों को स्थापित करता है।

विवाह मानव-समाज की अत्यंत महत्वपूर्ण प्रथा या समाजशास्त्रीय संस्था है। यह समाज का निर्माण करने वाली सबसे छोटी इकाई-परिवार-का मूल है। यह मानव प्रजाति के सातत्य को बनाए रखने का प्रधान जीवशास्त्री माध्यम भी है। शादी केवल यौन सुख भोगने का एक अवसर नहीं बल्कि वंश परम्परा को आगे बढ़ाने का माध्यम है। भारतीय परम्परा एवं संस्कृति में विवाह द्वारा शारीरिक संबंधों को संयमित रखने, संतति निर्माण करने, उनका उचित पोषण करने, वंश परंपरा को आगे बढ़ाने और अपनी संतति को समाज के लिए उपयोगी नागरिक बनाने जैसे जिम्मेदारी भरे कार्य भी किये जाते हैं। जबकि समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता मिल जाने का अर्थ होगा प्राचीन उच्च एवं आदर्श मूल्यों पर कुठाराघात करना। पश्चिमी देशों से आंधी की तरह देश में प्रवेश कर ही इस तरह की परम्पराओं को लेकर आम जनता में समर्थन बढ़ना कोई आश्चर्य की बात नहीं है, इसलिये वस्तुतः देश में समलैंगिक विवाह को लेकर दो तरह की धारणाएं रही हैं। देश में एक बड़ा वर्ग इसे कानूनी और सामाजिक-धार्मिक स्तर पर मान्यता देने का विरोधी रहा है। वह इसलिए भी कि भारतीय समाज में इस तरह की स्वच्छंद, उच्छृंखल एवं स्वैच्छाचारी जीवन शैली की अनुमति कहीं नहीं है। वैसे भी कानून बनाने की जहां भी बात आती है वहां यह अपेक्षा जरूर रहनी चाहिए कि संस्कृति व परम्पराओं की अनदेखी नहीं हो। हां, गिने-चुने लोग समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने के पक्षधर भी हो सकते हैं।

अब अदालत ने यह मुद्दा संसद के हवाले कर दिया है, लेकिन अहम सवाल यह भी है कि क्या संसद इस दिशा में अपनी तरफ से पहल करके ऐसा कोई कानून बनाएगी? संसद को व्यापक परिवेश में भारतीय परम्परा एवं सांस्कृतिक मूल्यों को देखते हुए आगे का रास्ता बनाना चाहिए। मौजूदा सरकार का इस सवाल पर दिखा रुख आशान्वित कर रहा है क्योंकि सरकार का तर्क है कि समलैंगिक विवाह को इसलिए मान्यता नहीं दी जा सकती, क्योंकि कानून में पति और पत्नी की परिभाषा जैविक तौर पर दी गई है। उसी के मुताबिक दोनों के कानूनी अधिकार भी हैं। समलैंगिक विवाहों को कानूनी मान्यता देने से गोद लेने, तलाक, भरण-पोषण, विरासत आदि से संबंधित मुद्दों में बहुत सारी जटिलताएं पैदा होंगी। इन मामलों से संबंधित सभी वैधानिक प्रावधान पुरुष और महिला के बीच विवाह पर आधारित हैं। पुरातन और आधुनिक सोच में फंसे इस जटिल विषय पर कानूनी मान्यता को लेकर निर्णय लेने की जिम्मेदारी अब देश की विधायिका के कंधों पर है। उम्मीद की जा सकती है कि इस पर कोई भी कानून बनाने से पहले जनभावनाओं और सामाजिक-धार्मिक मान्यताओं का खास ध्यान रखा जाएगा।

**-ललित गर्ग-**

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## उस रास्ते

उस रास्ते जाने अनजाने वहाँ है
इसलिए.उस रास्ते यात्रा करना।
आतुर..और कुछ के बिना वहाँ है...
तथापि मैं यात्रा कर रहा हूं
उस रास्ते..कभी-कभी डर के साथ...
कुछ मामलों मेंबहुत खुशी के साथ
कुछ मामलों में संघर्ष के साथ
कभी-कभी भूखा कुछ और समय
बड़े अफसोस के साथ...
उस रास्ते जाता रहना वहाँ है...
और कोई रास्ता नहीं उस रास्ते
मैं अपनी यात्रा पर हूं
मैंने शुरू कर दिया है...
क्या करें?



ओत्तेरी सेल्वा कुमार
तमिलनाडु,
चेन्नई

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# डॉ. प्रेमसाय,वृहस्पति व चिंतामणि का कटा टिकट

# कांग्रेस ने मंत्री-विधायकों की जगह उतारे नए चेहरे

## विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की दूसरी लिस्ट जारी,53 सीटों पर प्रत्याशियों की हुई घोषणा,अंबिकापुर,सीतापुर,भटगांव,प्रेमनगर व लुंड्रा में सीटिंग विधायक ही लड़ेंगे चुनाव

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,18 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।**

विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने अपनी दूसरी लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में 53 प्रत्याशियों की घोषणा की गई है। अविभाजित सरगुजा जिले की बात करें तो बलरामपुर जिले के रामानुजगंज व सामरी विधायकों की टिकट कट गई है, जबकि सूरजपुर जिले के प्रतापपुर सीट से पूर्व स्कूल शिक्षामंत्री को भी टिकट नहीं दिया गया है। इन तीनों सीटों पर नए चेहरों को मौका दिया गया है। इसके अलावा अंबिकापुर, सीतापुर, भटगांव, प्रेमनगर व लुंड्रा सीट से पुराने चेहरे ही चुनाव मैदान में उतरेंगे।

भाजपा ने 86 विधानसभा सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा की थी। कांग्रेस की सूची का सभी को बेसब्री से इंतजार था। कांग्रेस की ओर से 3 दिन पूर्व जारी की गई पहली लिस्ट में 30 सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा की गई थी। बुधवार को कांग्रेस ने दूसरी लिस्ट जारीकी। अविभाजित सरगुजा जिले में 3 विधायकों का नाम काट दिया गया।



इसमें प्रतापपुर सीट से पूर्व स्कूल शिक्षामंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम की जगह राजकुमारी मरावी को टिकट दी गई है। वहीं सामरी सीट से चिंतामणि महाराज की जगह विजय पैंकरा तथा रामानुजगंज सीट से वृहस्पति सिंह की जगह अंबिकापुर के महापौर डॉ. अजय तिर्की को टिकट दी गई है।

इसके अलावा प्रेमनगर से खेलसाय सिंह, भटगांव से पारसनाथ राजवाड़े, लुंड्रा से डॉ.प्रीतम राम को फिर प्रत्याशी बनाया गया है। ये तीनों प्रत्याशी पिछले 2 बार के विधायक रह चुके हैं।

### सिंहदेव ने सार्वजनिक मंच से जताई थी नाराजगी

रामानुजगंज सीट से वृहस्पति सिंह की टिकट कटने की अटकलें लंबे समय से लगाई जा रही थीं। डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने सार्वजनिक मंच से वृहस्पति सिंहका बिना नाम लिए नाराजगी जताई थी।

उन्होंने कहा था कि सार्वजनिक मंच से महाराज व महारानी साहिबा के लिए कही गई बातों के लिए मैं कभी माफ नहीं करूंगा। वहीं डॉ. प्रेमसाय सिंह के शिक्षामंत्री रहने के दौरान कई गड़बडियों के आरोप लगे थे। इसके अलावा चिंतामणि महाराज को लेकर जिला संगठन में ही नाराजगी थी।

### इनके बीच होगा मुकाबला

भाजपा ने अविभाजित सरगुजा जिले की 8 सीटों में अंबिकापुर को छोडकर बाकी की 7 सीटों पर, जबकि कांग्रेस ने सभी सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। 8 सीटों पर इन प्रत्याशियों के बीच सीधा मुकाबला होगा। अंबिकापुर सीट से टीएस सिंहदेव चुनावी मैदान में हैं।

सीतापुर सीट से भाजपा के रामकुमार टोप्पो व कांग्रेस के अमरजीत भगत, लुंड्रा सीट से भाजपा के प्रबोध मिंज व कांग्रेस के डॉ. प्रीतम राम के बीच टक्कर होगी।

वहीं भटगांव सीट से भाजपा की लक्ष्मी राजवाड़े व कांग्रेस के पारसनाथ राजवाड़े,प्रतापपुर से भाजपा की शकुंतला सिंह पोर्ते व कांग्रेस की राजकुमारी सिंह मरावी तथा प्रेमनगर सीट से भाजपा के भूलन सिंह मरावी व कांग्रेस के खेलसाय सिंह के बीच मुकाबला होगा। इसी प्रकार रामानुजगंज सीट से भाजपा के रामविचार नेताम व कांग्रेस के डॉ. अजय तिर्की तथा सामरी सीट से भाजपा की उद्धेश्वरी पैंकरा व कांग्रेस के विजय पैंकरा के बीच सीधी टक्कर होगी।

# नवरात्र के तीसरे दिन मधुर संगीत के साथ महिलाओं ने किया गरबा व डांडिया



**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,18 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।**

अनोखी सोच संस्था द्वारा आयोजित दुर्गा पूजा महोत्सव में रंगारंग, सांस्कृतिक कार्यक्रम के क्रम में मंगलवार को मधुर संगीत के साथ महिलाओं के लिए गरबा- डांडिया का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें मातारानी के भक्तों ने पूरे उल्लास और उमंग के साथ गरबा नृत्य कर डांडिया का बेहतरीन आनंद लिया। इसके अलावा नवरात्र के तीसरे दिन शंख बजाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें सीनियर एवं जूनियर वर्ग के 35 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें सीनियर वर्ग से भावेश चटर्जी दर्रीपारा ने रिकॉर्ड 41 सेकंड तक शंख बजाकर प्रथम एवं जूनियर वर्ग में स्पर्श सिन्हा, भट्ठी रोड अम्बिकापुर ने 17 सेकंड तक शंख बजाकर द्वितीय स्थान हासिल किया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संस्था के अध्यक्ष सूर्य प्रकाश साहू, अभय साहू, पंकज चौधरी,भुनेश्वर साहू, चंद्रप्रताप सिंह, सुनील साहू, दिनेश गर्ग, राकेश शुक्ला, संतोष साहू, बनाफर केरकेट्टा, मोनू कुजूर, सत्यम साहू, बजरंग साहू, भक्कू मुंडा, राकेश मुंडा, अंकित केरकेट्टा, संदीप दास, प्रिंस सिंह, भोला सिंह, पंकज मुंडा, चांगुड़, सुधीर साहू, संदेश पासवान, राजा बाबू,अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।



# आचार संहिता के नियमों का पालन करते हुए

## इस बार होगा दिल से डांडिया का सीजन-4



**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,18 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।**

नवरात्रि के उपलक्ष में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी नगर में दिल से डांडिया का इवेंट कराया जा रहा है। इस इवेंट के ऑर्गेनाइजर सेलिब्रेशन इवेंट के ऋषभ मंगल व ऋषि हार्डवेयर के ऋषि अग्रवाल ने बताया कि दिल से डांडिया सीजन- 4 का आयोजन 22 अक्टूबर को होटल ग्रैंड वसंत में किया गया है। आचार संहिता के नियमों का पालन करते हुए कार्यक्रम शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक संपन्न कराया जाएगा। इस आयोजन में बॉलीवुड व टीवी स्टार मानसी श्रीवास्तव और करण शर्मा भी पहुंच रहे हैं। अतरंगी डीजे बैंड से इस आयोजन में अनलिमिटेड फन लोगों को मिल सकेगा। इसके साथ-साथ कई प्रकार के व्यंजन भी रखे गए हैं। चुकि आयोजन अष्टमी के दिन है इसे लेकर उपवास वालों के लिए फलाहार की भी व्यवस्था की गई है। आयोजन में बेस्ट ड्रेस कपल, ग्रुप परफॉर्मेंस, बेस्ट किड्स जैसे कई उपहार भी रखे गए हैं। आयोजन में एंट्री के लिए सिंगल पर्सन के लिए 500 और फैमिली पास के लिए 1500 टिकट रखा गया है। फैमिली पास में टू एडल्ट्स एवं टू किड्स आ सकते हैं। इसके अलावा 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए यह निशुल्क है। आयोजन में सुरक्षा की दृष्टिकोण से रायपुर से बाउंसर की टीम भी पहुंचेगी। पूरे आयोजन में शहर के कई सपोर्टिंग पार्टनर्स है, जो इस इवेंट को करने में सहयोग कर रहे हैं।

# चुनाव व त्योहारों को देखते हुए अधिक से अधिक पुलिस जवानों को रखें एकत्र:आईजी

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,18 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।**

विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने व आदर्श आचार संहिता का पालन कराने के लिए आईजी अमित गर्ग ने पुलिस अधिकारियों की बैठक ली। बैठक के दौरान चुनाव में आने वाले केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों के आवश्यकता अनुसार मूलभूत सुविधाएं, व्यवस्था, संसाधनों तथा फोर्स को मतदान केंद्र व मतगणना स्थल पर डेवलपमेंट से संबंधित विभिन्न विषयों में विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



आईजी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आगामी विधानसभा चुनाव के साथ-साथ आने वाले त्योहारों को देखते हुए अपने इकाई के पुलिस जवानों को अधिक से अधिक संख्या में एकत्र कर रखें। ताकि समयानुसार आकस्मिकता की स्थिति में वीआईपी आगमन, कानून व्यवस्था हेतु उपरोक्त बल को ड्यूटी लगाने में सुगमता हो सके। साथ ही विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत एवं शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने हेतु समय-समय पर उपरोक्त बल को शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में फ्लैग मार्च व निरंतर गश्त व पेट्रोलिंग कराने हेतु निर्देश दिया गया। आईजी ने सभी पुलिस अधीक्षकों को सख्त निर्देशित करते हुए कहा है कि जिला मुख्यालय एवं सीमावर्ती शरहदी क्षेत्रों में बने चेक पोस्टों पर पर्याप्त बल लगाने व चौकसी बढक़र संदिग्ध गतिविधियों वाले व्यक्तियों पर सतत निगरानी बनाएं रखे के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी प्रकार की कोई अवैध वस्तु पाए जाने पर तत्काल वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। समीक्षा बैठक के दौरान पारुल माथुर डीआईजी, सुनील शर्मा पुलिस अधीक्षक सरगुजा, आईके एलिसेला पुलिस अधीक्षक सूरजपुर, लाल उमेद सिंह पुलिस अधीक्षक बलरामपुर, त्रिलोक बंसल पुलिस अधीक्षक कोरिया, सिद्धार्थ तिवारी पुलिस अधीक्षक मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे।

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.)अम्बिकापुर,जिला सरगुजा,छ0ग0**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. .../अ-2/2022-23

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संजय कुमार कश्यप व अन्य आ0 हरिशंकर प्रसाद जाति कहार निवासी अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर खसरा नंबर 223/25 रकबा 0.020 हे0 भूमि को कृषि भिन्न, आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि बी-1, खसरा, नक्शा, भूमि उपयोगिता प्रमाण-पत्र, रजिस्ट्री की प्रति अदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 02/11/2023 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपतित पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 18/10/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील

अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) अम्बिकापुर

# जिले के तीनों विधानसभा सीट के लिए कांग्रेस प्रत्याशी घोषित



**- संवाददाता -**
**सूरजपुर,18 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।**

जिले के तीनों विधानसभा सीट के लिए कांग्रेस अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए । विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने अपनी दूसरी सूची में 53 नामों की लिस्ट जारी कर दी है। जिसमे सूरजपुर जिले के विधानसभा के तीनों सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। प्रेममनगर विधानसभा से एकबार फिर से कांग्रेस ने वर्तमान विधायक खेलसाय सिंह व भटगाँव से पारसनाथ राजवाड़े को प्रत्याशी बनाया है, वहीँ प्रतापपुर से विधायक रहे पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ प्रेमसाय सिंह की टिकट काट दी गई है। उनके जगह जिला पंचायत अध्यक्ष राजकुमारी मराबी को प्रत्याशी बना सभी को चौका दिया है द्य हालाकि सीटिंग एम एल ए की टिकिट कटनी तय मानी जा रही थी लेकिन सोशल मीडिया में राज कुमार मरावी का नाम वायरल संभावित सूची में नही था। वही प्रेमनगर विधान सभा के लिए भानु प्रताप सिंह का नाम सोशल मीडिया में वायरल हो रहा था। हालाकि प्रेमनगर विधायक खेलसाय सिंह के समर्थक आश्वस्त थे। टिकिट को लेकर तरह के कयास लगाए जा रहे थे। किंतु इन सब बातो पर उस समय विराम लग गया जब अधिकृत सूची आ गई। इससे पूर्व भाजपा ने अपने प्रत्याशी पूर्व में ही घोषित कर दिए थे।

# हत्या के आरोपी को थाना प्रेमनगर पुलिस ने किया

**- संवाददाता -**
**सूरजपुर,18 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।**

19 सीतम्बर 23 को तीज पर्व पर नैहारो बाई गांव के दुलार बरगाह के यहां खाना खाने गई थी जहां उसका जेठ रमेश भी गया था जहां से वापस आते समय नैहारो बाई जेठ रमेश को गाली-गलौज कर रही थी इसी बात से गुस्सा होकर रमेश के द्वारा बहिंगा डण्डा से सिर में मार दिया जिसे उपचार के लिए प्रेमनगर अस्पताल व जिला चिकित्सालय सूरजपुर लाया गया जहां उसे बेहतर उपचार के लिए रायपुर रेफर किया गया जहां उपचार के दौरान नैहारो की मृत्यु हो गई। मामले की मर्ग डायरी प्राप्त होने पर आरोपी के विरूद्ध थाना प्रेमनगर में धारा 302 भादसं. के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।



मामले की सूचना पर पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री आई कल्याण एलिसेला ने आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश थाना प्रभारी को दिए। थाना प्रेमनगर पुलिस ने दबिश देकर आरोपी रमेश पिता दयाल उम्र 65 वर्ष निवासी रघुनाथपुर, बगईढोडरा, थाना प्रेमनगर को पकड़ा। पूछताछ पर उसने वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया गया जिसके निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बहिंगा डण्डा जप्त कर उसे गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह, एसआई सुमंत तिग्गा, आरक्षक सोहन नेताम, सत्य नारायण तिवारी, तुलेश्वर राजवाड़े व सैनिक सुभान अंसारी सक्रिय रहे।



# रोटी बैंक ने निकाली 151 मीटर लम्बी चुनरी यात्रा

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,18 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।**

समाजसेवी संस्था रोटी बैंक द्वारा नवरात्रि पर्व पर चुनरी यात्रा निकाली गई। 151 मीटर लम्बी चुनरी के साथ महिलाओ ने मातारानी के जयघोष से आकाश गूंजा दिया।रोटी बैंक की चुनरी यात्रा महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा सोनी की अगुवाई में बिलासपुर चौक स्थित अनोखी सोंच के दुर्गा पंडाल से निकली।जयस्तम्भ चौक,महामाया चौक होते हुए महामाया मंदिर पहुचीं।वहां पूजा अर्चना के साथ मां महामाया को चुनरी समर्पित किया गया। इस आयोजन में सरला राय, उषा शर्मा, पूजा शर्मा,सरोज सिंह,आशा विश्वकर्मा,चंदा साहू,गीता प्रजापति,सोनिका,सोनिका,अनामिका,नीलू, ममता, स्वाति पूनम, रेखा, अनजान परिहार,मोना सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

# नशे के अवैध कारोबार पर सूरजपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## 6 लाख 93 हजार 3 सौ रूपये कीमत का गांजा जप्त,2 आरोपी गिरफ्तार, थाना ओड़गी पुलिस की कार्यवाही

**- संवाददाता -**
**सूरजपुर,18 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।**

पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला के निर्देश पर अवैध कारोबार करने वालों पर पुलिस लगातार कार्रवाई करने में जुटी हुई है। इसी क्रम में थाना ओड़गी पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम बसकर का महादेव गांजा लेकर ग्राम धरसेड़ी कुदरीपारा में ग्राहक का इंतजार कर रहा है।सूचना पर थाना ओड़गी पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए धरसेड़ी कुदरीपारा में घेराबंदी कर महादेव पिता स्व. रामदयाल उम्र 59 वर्ष ग्राम बसकर, थाना झिलमिली को पकड़ा जिसके कब्जे से 2 किलो 110 ग्राम गांजा जप्त किया गया। कड़ी पूछताछ पर उसने बताया कि धरसेड़ी निवासी दिलीप के द्वारा गांजा लाकर दिया है जिसके बाद पुलिस ने दबिश देकर दिलीप पिता जीतू विश्वकर्मा उम्र 35 वर्ष ग्राम धरसेड़ी, थाना ओड़गी को पकड़ा जिसने बताया कि 1 अन्य व्यक्ति के द्वारा गांजा लाकर दिया था जिसे 1 व्यक्ति के घर पर छुपाकर रखे मादक पदार्थ गांजा में से बिक्री हेतु महादेव को देना बताया जिसके निशानदेही पर 21 किलो मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया। मामले में कुल 23 किलो 110 ग्राम गांजा कीमत करीब 6 लाख 93 हजार 3 सौ रूपये का बरामद कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी महोदव व दिलीप विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया है। मामले में 2 अन्य आरोपी फरार है जिनकी पतासाजी की जा रही है। कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल व एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी ओड़गी विपिन लकड़ा, प्रधान आरक्षक लखेश साहू, आरक्षक जितेन्द्र पटेल, अमरेन्द्र दुबे, नीरज सिंह, हृदयलाल राजवाड़े, जगदीश सिंह, मनरूप पैंकरा सक्रिय रहे।



CMYK

# हमास पर शिकंजा कसने के लिए अमेरिका का बड़ा कदम



## 10 सदस्यों के समूह और वित्तीय नेटवर्क पर लगाया प्रतिबंध

**वाशिंगटन,18 अक्टूबर 2023।** इस्राइल और हमास के बीच चल रही जंग के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन तेल अवीव पहुंचे हैं। यहां उन्होंने इस्राइली राष्ट्रपति बेंजामिन नेतन्याहू और कई अन्य नेताओं से मुलाकात की। इस बीच, अमेरिका ने इस्राइल पर हमले को लेकर हमास के 10 सदस्यों के एक समूह और कुछ देशों में फैले उसके वित्तीय नेटवर्क के खिलाफ प्रतिबंध लगा दिए हैं। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय द्वारा ये प्रतिबंध लगाए गए हैं। ट्रेजरी सचिव जेनेट येलेन ने इसके बारे में जानकारी दी है।

ट्रेजरी सचिव जेनेट येलेन ने कहा कि अमेरिका ने बुधवार को जिन देशों में वित्तीय नेटवर्क पर प्रतिबंध लगाया है उनमें गाजा, सूडान, तुर्की, अल्जीरिया और कतर शामिल हैं। ट्रेजरी विभाग के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों में वे सदस्य शामिल हैं जो हमास निवेश पोर्टफोलियो का प्रबंधन करते हैं। ट्रेजरी सचिव जेनेट येलेन ने कहा कि अमेरिका बच्चों सहित इस्राइली नागरिकों का नरसंहार के बाद हमास के फाइनेंसरों और सुविधा देने वालों को निशाना बनाने के लिए त्वरित और निर्णायक कार्रवाई कर रहा है।

वहीं, ट्रेजरी के उप सचिव वैली एडेइमो ने बुधवार को कहा कि ट्रेजरी अधिकारी अपने प्रतिबंधों के काम को आगे बढ़ाने के लिए आने वाले दिनों में इस क्षेत्र की यात्रा करेंगे।

गाजा में एक बड़े अस्पताल पर विस्फोट के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन तेल अवीव पहुंचे हैं। इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बाइडन से कहा कि इस्राइल गाजा युद्ध में नागरिकों को हताहत होने से बचाने की कोशिश करेगा। उन्होंने हमास से निपटने की रणनीति के लिए इसे चुनौतीपूर्ण बताया।

बता दें कि सात अक्तूबर से शुरू हुआ यह संघर्ष दोनों पक्षों के लिए पिछले पांच गाजा युद्धों में सबसे घातक साबित हो रहा है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि 2,778 फिलिस्तीनी मारे गए हैं और 9,700 घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि अस्पताल में विस्फोट के बाद गाजा में 1,200 अन्य लोग मलबे में दबे हुए हैं। इस्राइल में 1,400 से अधिक लोग मारे गए हैं, और बच्चों सहित कम से कम 199 अन्य को हमास ने पकड़ लिया और बंधक बनाकर उन्हें गाजा ले गए।

# पूर्व सिख महिला पुलिस अधिकारी को 12 महीने की सजा,स्कूली छात्र पर किया था हमला




**लंदन,18 अक्टूबर 2023 ।** ब्रिटेन की एक पूर्व सिख महिला पुलिस अधिकारी को 12 महीने की सामुदायिक सजा (गैर-हिरासत की सजा) सुनाई गई है। महिला को बीते साल झगड़े के दौरान एक स्कूली छात्र को थप्पड़ मारने का दोषी ठहराया गया है।

पिछले महीने वेस्ट मिडलैंड्स पुलिस कांस्टेबल (पीसी) के पद से इस्तीफा देने वाली शरणजीत कौर (41 वर्षीय) के मामले की जांच ब्रिटेन के स्वतंत्र पुलिस आचरण कार्यालय (आईओपीसी) ने की थी। इसके बाद उस पर आरोप तय किए थे।

शरणजीत कौर पिछले हफ्ते बर्मिंघम मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश हुई थी और उसे (12 वर्षीय छात्र) की पिटाई करने का दोषी ठहराया गया था व 12 महीने की सामुदायिक सजा सुनाई गई थी।

आईओपीसी ने कहा कि उसने शुरुआत में पिछली सुनवाई में अपराध से इनकार किया था। आईओपीसी के क्षेत्रीय निदेशक डेरिक कैंपबेल ने कहा, पुलिस अधिकारी केवल तभी बल का उपयोग कर सकते हैं, जब यह परिस्थितियों में आवश्यक और उचित हो। अधिकारी का लड़के पर हमला करने कोई औचित्य नहीं था। उसके लिए कोई वास्तविक जोखिम नहीं था।

इसने आगे कहा, पुलिस कांस्टेबल कौर के कृत्य में पुलिसिंग में जनता के भरोसे को कम करने की क्षमता थी। उन्हें बिल्कुल सही तरीके से जवाबदेह ठहराया गया है।

आईओपीसी जांच के विवरण के अनुसार, पिछले साल 13 अक्तूबर को हुई घटना के मोबाइल फुटेज को सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित किया गया था, जिसके कारण वेस्ट मिडलैंड्स पुलिस से आचरण पर सवाल खड़े हुए।

घायल लड़के के परिवार की ओर से भी शिकायत दर्ज कराई गई थी। मजिस्ट्रेट को बताया गया कि कौर ने अक्तूबर 2022 में शहर के ग्रेट किंग स्ट्रीट नॉर्थ इलाके में स्कूली छात्रों के झगड़े के दौरान हस्तक्षेप किया था। आईओपीसी जांचकर्ताओं द्वारा एकत्र किए गए सबूतों से संकेत मिले थे कि न्यू टाउन में रहने वाली कौर ने एक लड़के को समूह से दूर धकेल दिया और फिर कार की चाबी का एक सेट पकड़े हुए उसके चेहरे पर वार किया।



# वियतनाम में इस साल डेंगू के लगभग 100,000 मामले सामने आए

**हनोई ,18 अक्टूबर 2023।** वियतनाम में इस साल की शुरुआत से अब तक डेंगू के 99,639 मामले सामने आए हैं और 27 लोगों की मौत हो चुकी है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय के मुताबिक पिछले सप्ताह की तुलना में पिछले सप्ताह डेंगू के नए मामलों की संख्या में कमी आई है, लेकिन राजधानी हनोई में संक्रमण संख्या में गिरावट का कोई संकेत नहीं दिख रहा है। सितंबर 2023 के अंत से हनोई में संक्रमण दर तेजी से बढ़ी है। यहां प्रति सप्ताह लगभग 2,500-2,600 मामले सामने आए हैं, जो सितंबर के पहले सप्ताह की तुलना में 1.5 गुना की वृद्धि है।

इस साल की शुरुआत से राजधानी में डेंगू के 20,548 मामले दर्ज किए गए हैं, जो पिछले साल की समान अवधि की तुलना में तीन गुना अधिक है। देश भर में डेंगू के मामलों की संख्या में कमी आई है, जबकि हनोई के उत्तर में जटिल मौसम के कारण वृद्धि देखी गई है। बारिश के बाद लंबे समय तक गर्मी ने मच्छरों से फैलने वाली बीमारी में वृद्ध कर दी है।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने रिटर्निंग ऑफिसर सीतापुर को जारी किया कारण बताओ नोटिस

- संवाददाता -

**अंबिकापुर,18 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सरगुजा द्वारा रिटर्निंग ऑफिसर सीतापुर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर को रैली के संबंध निर्धारित नियमों का पालन ना कर किसान सम्मेलन वाहन रैली आयोजित करने की अनुमति दिए जाने की बात कही गई है। नोटिस में कहा गया है कि समय.समय पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं जिला स्तर पर प्रशिक्षण आयोजित कर इन कार्यों के संबंध में विस्तृत दिशा.निर्देश दिये गये हैं। इस कृत्य से भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छ0ग0 के द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान वाहनों की अनुमति रैली सम्मेलन सभा की अनुमति के संबंध में जारी किये गये दिशा.निर्देशों का भी उल्लंघन किया गया है। यह कृत्य लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 1 प्रतिनिधित्व अधिनियम.1951 की धारा 134 (1) (10) (2) (3) के तहत बने नियम एवं सिविल सेवा आचरण नियम 1965 की धारा 3 के विरुद्ध है। नोटिस जारी कर जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा स्पष्टीकरण पत्र प्राप्ति के 24 घण्टे के भीतर के उपस्थित होकर प्रस्तुत करने कहा गया है। जवाब अप्राप्त होने की स्थिति में उक्त के विरुद्ध एक पक्षीय अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।

# मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ सफल आयोजन









## विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को किया गया जागरूक

- संवाददाता -

**अंबिकापुर,18 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुंदन कुमार के मार्गदर्शन में जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। विभिन्न गतिविधियों के द्वारा मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने प्रेरित किया जा रहा है तथा शपथ दिलाई जा रही है। इसी क्रम में स्वीप के अंतर्गत बुधवार को होली क्रॉस महिला महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा बनारस रोड में स्थित मिश्रा स्वीट्स के समीप नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इसके साथ ही कॉलेज ऑफ़ प्रोफेशनल स्टडीज महाविद्यालय अंबिकापुर के द्वारा मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु पुलिस लाइन, स्कूल रोड, सब्जी मंडी कंपनी बाजार तथा कंपनी बाजार के आवासीय क्षेत्रों में रैली तथा नुक्कड़ नाटक सहित विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता रैली आकाशवाणी चौक से शुरू होकर चौपाटी,घड़ी चौक, गांधी चौक से होते हुए पुनः आकाशवाणी चौक पहुंची। छात्र-छात्राओं ने रैली के माध्यम से लोगों को मतदान करने प्रेरित किया।

# आदर्श आचार संहिता का पालन कराने सख्त हुई फ्लाइंग स्क्वाड,बिना प्रकाशक,मुद्रक की जानकारी दिए मुद्रित प्रचार सामग्री की गई जप्त

- संवाददाता -

**अंबिकापुर,18 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में आदर्श आचार संहिता का पालन कराने फ्लाइंग स्क्वाड टीम सख्ती से कार्यवाही कर रही है। रिटर्निंग ऑफिसर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक- 10 अंबिकापुर के मार्गदर्शन में मंगलवार को सूचना मिलने पर फ्लाइंग स्क्वाड टीम-02 विधानसभा क्षेत्र क्र0 09 लुण्ड्रा हेतु ग्राम कांति प्रकाश पुर में चलाए जा रहे बीजेपी के अस्थायी चुनाव कार्यालय पहुंची। सूचना के आधार पर फ्लाइंग स्क्वाड दल-02 के द्वारा शाम 05:15 बजे जांच के लिए पहुंची। जांच की कार्यवाही में पता चला कि चुनाव प्रचार सामग्री बिना प्रकाशक एवं मुद्रक की जानकारी मुद्रित किए लगाया गया है, जिसे टीम द्वारा जप्त किया गया। जप्त सामग्री में प्रत्याशी का फोटो युक्त बैलून 8×10 फीट, चुनाव कार्यालय लिखा हुआ फ्लैक्स, कट आउट 02 नग और फ्लैक्स 01 नग, झण्डा 02 नग शामिल है। इसी तरह देर शाम 8:15 बजे मिली सूचना पर फ्लाइंग स्क्वाड टीम महामाया मंदिर रोड स्थित मकान में मालिक श्री नीरज पाण्डे के यहां पहुंची। जहां शेड में लगे एक कक्ष में आम आदमी पार्टी का कार्यालय श्री हकीम अब्दुल माजीद द्वारा संचालित किया जा रहा था, जो फ्लाइंग स्क्वाड द्वारा जांच के दौरान उक्त कार्यालय को खोलने के संबंधी में सक्षम प्राधिकारी का अनुज्ञा या आदेश नहीं दिखा सके, साथ ही मकान मालिक से इस संबंध में कोई अनुबंध भी नहीं दिखाया गया। आदर्श आचार संहिता के परिपालन में कार्यवाही करते हुए एफएसटी दल द्वारा पार्टी कार्यालय का होर्डिंग निकाल कर जब्त किया गया, साथ ही प्रचार पोस्टर भी जप्त कर लिया गया।






# गुरु प्रसाद जायसवाल सुसाइड केस के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -

**अंबिकापुर,18 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।** शहर के प्रतिष्ठित व्यवसाई गुरु प्रसाद जायसवाल सुसाइड केस के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को आगरा से गिरफ्तार किया है। वहीं आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के मामले में 12 अन्य के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। जबकि पूर्व में करोड़ों के धोखधड़ी करने के मामले में 6 के खिलाफ अपराध दर्ज की थी।

शहर के बौरीपारा निवासी 60 वर्षीय गुरु प्रसाद जायसवाल पिता बरसाती जायसवाल का रिंग रोड नमनाकला में बीएल डीजल नाम से मोटर बाइंडिंग का कारोबार था। वह 20 सितंबर की सुबह स्वास्थ्य जांच कराने जाने की बात पत्नी से कहकर घर से निकला था और बाबूपारा स्थित एक होटल के कमरा नंबर 206 में आत्महत्या कर ली थी। कमरे में 2 पन्ने का सुसाइड नोट व कई पन्नों के दस्तावेज की एक फाइल भी रखी हुई थी। पुलिस ने 8 अक्टूबर को सुसाइड नोट के आधार पर बंगाल के 6 लोगों के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध दर्ज किया था। इन आरोपियों द्वारा यूरेनियम कारोबार के नाम पर गुरु जायसवाल से करोड़ों की ठगी की थी। इसके लिए वह कई लोगों से उधार में रुपए लिया था। इससे वह परेशान होकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के मामले में धारा 306 के तहत 12 लोगों के खिलाफ नामजन अपराध दर्ज किया है। गुरु जायसवाल से धोखाधड़ी करने व आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को आगरा से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी अब्दुल नईम हैदराबाद का रहने वाला है। पुलिस ने इसके खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दी है।

# कुसमी में स्वास्थ्य विभाग ने लगाया हेल्थ मेला

- संवाददाता -

**कुसमी,18 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।** मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देश पर खंड स्तरीय स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राकेश ठाकुर के मार्गदर्शन में आयुष्मान भव कार्यक्रम के तहत हेल्थ मेला का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुसमी में किया गया , जहा पर जिले भर से विशेषज्ञ चिकित्सक इस हेल्थ मेला में शामिल होकर मरीजों का उपचार और उन्हें परामर्श दिया,गौरतलब है की इस हेल्थ मेला में विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सकों के द्वारा हेल्थ मेला में नेत्र रोग के 150 मरीज, शिशु रोग के 22 मरीज,टीबी रोग 15मरीज,दांत से जुड़े रोग के 40मरीज,कान नाक गल्ला संबंधित रोग के 51 मरीज, अस्थि रोग के 70 मरीज, सहित अन्य कई तरह के रोग से पीड़ित मरीजों ने इस हेल्थ मेला का लाभ उठाया उपचार के साथ चिकित्सको से परामर्श भी लिया,इस हेल्थ मेला में जिले से आय विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम में से नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ विवेक कुमार सिंह, अस्थिरोग विशेषज्ञ डॉ आर. बी.प्रजापति नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉ जे.सी.मेश्राम, शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ विवेक सेंगर, दंत रोग चिकित्सक डॉ रोहित बखला, के साथ साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुसमी से नेत्र सहायक अधिकारी संजीव भगत, रविंद्र कुमार,एमएलटी दयाशंकर चक्रधारी, विनोद मुंडा, बिजेंद्र भगत, भोजराम राजवाड़े, एसटीएस गौरव कुजूर, फमासिस्ट अदिति गुप्ता,अनिल कुजूर सहित अन्य कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने अपना सराहनीय योगदान दिया ।





# सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों ने मतदाता जागरूक रैली निकाली कुसमी में

- संवाददाता -

**कुसमी,18 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।** विकासखंड मुख्यालय में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों ने अपने शिक्षकों के साथ मिलकर स्वीप कार्यक्रम के तहत कुसमी शहर में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगो को मतदान करने के लिय प्रेरित किया,गौरतलब है की विधानसभा चुनाव के लिय अब मतदान का दिन कुछ ही दिन शेष रह गया है,और लोग इस चुनाव में मतदान के प्रति रुचि ले अधिक से अधिक संख्या में मतदाता अपना मत का प्रयोग करे, इस उद्देश्य से विद्यालय के छात्र छात्राओं ने अपने हाथो में तख्ती लेकर तख्ती में कई तरह के नारे लिख कर सड़क पर चलते हुए नारे लगाकर लोगो को मतदान के प्रति जागरूक किया।



# ट्रेक्टर की ट्राली पलटी पलटने से चार मजदूर घायल

## दो गंभीर घायलों को किया गया जिला चिकित्सालय रेफर

- संवाददाता -

**उदयपुर,18 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।** थाना क्षेत्र के ग्राम करौंदी झापटपारा बाजार के समीप खेत में ट्रेक्टर ट्राली के पलटने से चार लोग घायल हो गए । इनमे से दो की हालत काफी गंभीर होने से इन्हे प्राथमिक उपचार के बाद सीएचसी उदयपुर से जिला चिकित्सालय अंबिकापुर रेफर कर दिया गया है।

घटना बुधवार सुबह 11 बजे करीब की है । झींगो बाई उम्र 50 वर्ष, कामेश्वर उम्र 33 साल, कलेश्वरी उम्र 31 वर्ष, पनमेश्वर उम्र 60 वर्ष तथा अन्य लोग एक ट्रेक्टर में ग्राम नवापारा खुर्द से सवार होकर मक्का तोड़ने घुंचापुर डूमर पानी जा रहे थे इसी दौरान ग्राम करौंदी झापटपारा बाजार के समीप ट्रेक्टर चालक ट्रेक्टर पर से नियंत्रण खो बैठा और खेत में जाकर ट्रेक्टर की ट्राली पलटने से चार लोग दबकर घायल हो गए । इनमें कलेश्वरी का हाथ बुरी तरह से ट्रेक्टर ट्राली के नीचे दब गया और उसकी कलाई टूट कर झूल गया। पनमेश्वर का भी एक हाथ टूट गया तथा झिंगो बाई और कामेश्वर को भी हल्की चोटें आई हैं।



दुर्घटना के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई ग्रामीणों ने किसी तरह से घायलों को निकाला और 108 के ईएमटी शंकर यादव और पायलट खेलसाय के माध्यम से घायलों को तत्काल उपचार हेतु सीएचसी उदयपुर लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दो गंभीर रूप से घायलों को तत्काल जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक आशीष सिंह ने बताया की घटना के बाद मौके पर 112 को रवाना कर तात्कालिक सहायता उपलब्ध कराई गई है। घटना की जांच कर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# क्या पूरे प्रदेश में बैकुंठपुर विधानसभा ही है सबसे हाई प्रोफाइल सीट

# जहां अब तक प्रत्याशी तय नहीं कर पाई कांग्रेस ?



- कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में प्रत्याशियों की दूसरी सूची की जारी,कई वर्तमान विधायकों का टिकट कटा
- विधानसभा क्रमांक 1 से गुलाब कमरों तय विधानसभा क्रमांक 2 से नए प्रत्याशी को मौका रमेश सिंह होंगे प्रत्याशी
- मनेद्रगढ़ विधायक विनय जायसवाल का नहीं लगा नम्बर,खराब परफॉर्मेंस को लेकर कटा टिकट
- विधानसभा क्रमांक 3 बैकुंठपुर से प्रत्याशी अभी नहीं किया कांग्रेस ने तय
- क्या वर्तमान विधायक अंबिका सिंहदेव की जगह पार्टी तलाश रही मजबूत उम्मीदवार ?
- क्या वेदांती तिवारी दे सकते हैं भाजपा प्रत्याशी भईया लाल राजवाड़े को कड़ी टक्कर ?
- बैकुंठपुर विधानसभा में भईया लाल को हराने के लिए कांग्रेस तलाश रही बेहतर विकल्प,लेकिन आखिर कब तक ?

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर/एमसीबी,18 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ में सत्ताधारी कांग्रेस पार्टी लगातार मंथन के बाद विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बुधवार देर शाम 53 प्रत्याशियों की सूची जारी कर पाई,जारी सूची में प्रदेश के विधानसभा क्रमांक 1,2 के लिए प्रत्याशी घोषित कर दिए गए और घोषित प्रत्याशियों का नाम देखकर अब दोनों ही विधानसभाओं के प्रत्याशियों को लेकर सभी अटकलों पर विराम लग गया और भरतपुर सोनहत से मौजूदा विधायक गुलाब कमरों को प्रत्याशी बनाया गया वहीं मनेद्रगढ़ से अधिवक्ता रमेश सिंह को प्रत्याशी पार्टी ने घोषित कर दिया। विधानसभा क्रमांक 3 मात्र एक ऐसी विधानसभा कोरिया एमसीबी जिले की बची जहां कांग्रेस ने अपना प्रत्याशी घोषित नहीं किया और अब यह माना जा रहा है की इस सीट पर पार्टी काफी सोच विचार कर पार्टी की तरफ से प्रत्याशी घोषित करेगी क्योंकि बैकुंठपुर विधानसभा में भाजपा से पूर्व मंत्री प्रत्याशी हैं जिनका जनाधार काफी बड़ा है और





वर्तमान विधायक का परफार्मेंस उनके मुकाबले बेहतर पार्टी नहीं मान रही है इसलिए इस सीट को पार्टी ने वेटिंग में डाल दिया है। वैसे बैकुंठपुर विधानसभा में कांग्रेस से कई दावेदार मजबूत दावेदार कांग्रेस के पास उपलब्ध हैं और उन्होंने अपनी दावेदारी भी की है और अब यही उम्मीद लगाई जा रही है की सभी दावेदारों का पुनः आंकलन कर इस सीट पर प्रत्याशी घोषित किया जाएगा और उसमें समय लग सकता है।

कांग्रेस भईयालाल राजवाड़े के खिलाफ वर्तमान विधायक को मजबूत नहीं मान रही है वह उन्हे काफी कमजोर मान रही है ऐसा पहले से ही अंदाजा लगाया जा रहा था क्योंकि पार्टी यहां से काफी आंकड़े प्रत्याशियों को लेकर जुटा रही थी वहीं पार्टी अभी भी इस सीट पर मंथन कर रही है यह इस बात से स्पष्ट हो गया की पार्टी ने प्रदेश के जिन सात विधानसभाओं का टिकट तय नहीं किया उसमें बैकुंठपुर विधानसभा सीट भी शामिल है। अब एक और बात भी स्पष्ट होती नजर आ रही है वह यह की पार्टी वर्तमान विधायक को लेकर लगभग मान चुकी है की उनका भईयालाल राजवाड़े के सामने टिक पाना संभव नहीं है इसलिए पार्टी पुनः विचार कर रही है और अब पार्टी अन्य दावेदारों में से किसी एक पर दांव लगा सकती है ऐसी संभावना बन चुकी है,वैसे सूत्रों की माने तो बैकुंठपुर विधानसभा से पार्टी जिला पंचायत उपाध्यक्ष वेदांती तिवारी के नाम को लेकर ज्यादा विचार कर रही है और इसके पीछे का कारण यह बताया जा रहा है की वेदांती तिवारी ही एकमात्र पार्टी के पास ऐसे विकल्प हैं जिन्होंने भईयालाल राजवाड़े को दो बार कड़ी टक्कर दी है और एकबार तो उन्होंने लगभग भईयालाल राजवाड़े को परास्त ही कर दिया था लेकिन कुछ ही कसर रह गई थी जिसकी वजह से वह सफल नही हो सके। वेदांती तिवारी के साथ सबसे मजबूत पक्ष यह भी जुड़ रहा है की उन्होंने अपनी हार को जीत में बदलने काफी मेहनत की है इन वर्षों में और उन्होंने राजनीति से जुड़ाव बनाए रखा वहीं उन्होंने जिला पंचायत उपाध्यक्ष तक का सफर तय करके साबित भी किया की उनका जनाधार काफी मजबूत है और वह राजनीति के पक्के खिलाड़ी हैं, इन वर्षों में उन्होंने सामाजिक राजनीतिक सभी कार्यक्रमों में हिस्सा भी लिया और अपनी उपस्थिति हर उस व्यक्ति के साथ दर्ज कराई जिसे दुख सुख में उनकी जरूरत थी,इन सभी प्रयासों से उन्होंने अपना राजनीतिक भविष्य जीवित रखा और आज वह एक मजबूत दावेदार पार्टी से माने जाते हैं।

### वेदांती तिवारी ही एकमात्र ऐसे कांग्रेस चेहरा हैं जो भईयालाल राजवाड़े को कड़ी टक्कर दे सकते हैं

बैकुंठपुर विधानसभा में यह भी माना जाता है की वेदांती तिवारी ही एकमात्र ऐसे कांग्रेस चेहरा हैं जो भईयालाल राजवाड़े को कड़ी टक्कर दे सकते हैं वहीं उन्हे परास्त करने की भी क्षमता रखते हैं, उनके प्रत्याशी घोषित होने से पार्टी भी एकजुटता से चुनाव में नजर आएगी जो वर्तमान विधायक के साथ बिल्कुल जाने को तैयार नहीं यह भी पार्टी के अंदरखाने चर्चा है,वैसे यह सभी बातों को जो पार्टी के अंदर की ही बातें हैं को सुनकर समझकर यही समझा जा सकता है की हो न हो पार्टी अब इस बार वेदांती तिवारी पर ही दांव न लगा दे और उन्हीं को प्रत्याशी न घोषित कर दे। वर्तमान विधायक के विकल्प के रूप में प्रबल दावेदार वेदांती तिवारी को ही क्षेत्र के लोग मानते हैं यह भी पार्टी जानती है और अब लगता है की उन्हे पार्टी उम्मीदवार बना सकती है। वैसे यह संभावना मात्र है लेकिन वर्तमान विधायक के टिकट पर प्रश्नचिन्ह लगा हुआ है और देखना है यह प्रश्न चिन्ह कहीं वेदांती तिवारी के लिए अवसर न बन जाए कहीं।

### मनेद्रगढ़ से डॉक्टर विनय का टिकट कटा,अधिवक्ता रमेश सिंह होंगे कांग्रेस प्रत्याशी,संभावना विनय जायसवाल को लेकर सही साबित हुई

डॉक्टर विनय जायसवाल मनेंद्रगढ़ से प्रत्याशी नहीं बनाए जा रहे हैं,पार्टी के आंकलन अनुसार उनका परफॉर्मेंस बेहतर नहीं पाया गया था विरोध पार्टी स्तर से उनके लिए खड़ा था जो जमीनी स्तर तक था यह संभावना पहले से ही व्यक्त की जा रही थी,अब वहां से अधिवक्ता रमेश सिंह प्रत्याशी होंगे जो मनेंद्रगढ़ के निवासी हैं वैसे रमेश सिंह के लिए यह सीट काफी दिक्कतों वाली साबित होने वाली है ऐसा भी माना जा रहा है क्योंकि जिला गठन में चिरमिरी क्षेत्र जिला मुख्यालय अपने यहां मांग रहा था कुछ कार्यालय अपने यहां मांग रहा था जो उसे नहीं मिला वहीं अब यदि क्षेत्र से विधायक प्रत्याशी भी नहीं होगा क्षेत्र के लोग अलग विकल्प पर विचार कर सकते हैं जो चिरमिरी क्षेत्र के आसपास का निवासी हो। विधायक पद भी क्षेत्र से छीना जाना क्षेत्र शायद ही बर्दास्त करे ऐसी भी संभावना बताई जा रही है।

### गुलाब कमरों का नाम पहले से तय था औपचारिक ऐलान ही था बाकी

भरतपुर सोनहत क्षेत्र से गुलाब कमरों का नाम पहले से तय था उनके विरोध में या विरुद्ध पार्टी से कोई दावेदार भी नहीं था इसलिए उनका प्रत्याशी बनाया जाना औपचारिता मात्र मानी जायेगी शेष वह ऐसे मौजूदा विधायक भी साबित हुए जिनका परफॉर्मेंस पार्टी ने तीन विधानसभाओं में से सबसे बेहतर माना उन्हे टिकट दिया।

### बैकुंठपुर से क्या कांग्रेस अंबिका सिंहदेव की जगह वेदांती तिवारी के नाम पर कर रही विचार...क्या वर्तमान विधायक भाजपा प्रत्यासी को मात दे पाने में पार्टी की नजर में सक्षम नहीं ? उठ रहा सवाल ?

बैकुंठपुर विधानसभा से कांग्रेस ने अपना प्रत्याशी घोषित नहीं किया दूसरी सूची में ,ऐसा माना जा रहा है की इसकी एकमात्र वजह वर्तमान विधायक का खराब रिपोर्ट कार्ड है। वर्तमान विधायक के पक्ष में न कार्यकर्ता हैं न ही उनके समर्थन में जनता ही है ऐसा पार्टी के ही सर्वे में सामने आया है जो बताया जा रहा है वहीं समाने भाजपा प्रत्याशी भईयालाल राजवाड़े हैं,कांग्रेस पार्टी भी माना जा रहा है भईयालाल राजवाड़े के जनाधार से सहमी हुई है और वह भांप चुकी है की कम से कम वर्तमान विधायक उनके मुकाबले बिलकुल सही प्रत्याशी नहीं हो सकतीं वहीं यहां से अन्य जाति संख्या आधारित ही कोई प्रत्याशी भईयालाल राजवाड़े को टक्कर दे सकता है या मात दे सकता है। कांग्रेस ने बैकुंठपुर विधानसभा सीट को वेटिंग में डाल दिया है क्या वह वर्तमान विधायक को टिकट देने के बाद हार मान रही है यह भी सवाल है। वैसे वेदांती तिवारी को लेकर पार्टी मंथन कर रही है वह मानकर चल रही है टक्कर वही दे सकते हैं भईयालाल राजवाड़े को यह भी माना जा रहा है।बैकुंठपुर विधानसभा में पार्टी यह भी मानकर चल रही है की जातिगत समीकरण भी इस सीट पर कारगर शायद ही सफल साबित हो सके क्योंकि भईयालाल राजवाड़े का चुनाव लड़ने का तरीका जातिगत समीकरणों को लेकर उनकी तैयारी सभी समीकरण से ऊपर है। वहीं इसे ध्वस्त कोई कर सकता है तो वह वेदांती ही कर सकते हैं वह एक बार लगभग सफल प्रयास कर चुके हैं इसलिए वेदांती तिवारी ही बैकुंठपुर से प्रत्याशी हो सकते हैं इसकी भी संभावना बढ़ गई है।

---

### सर्व पोस्ट मास्टर,उप-डाकघर की बैठक हुई सम्पन्न

## द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

-संवाददाता-
सूरजपुर,18 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम- 2023 के दौरान मतदाता सूची में पंजीकृत हुये नये मतदाताओं एवं मतदाता सूची में संशोधन, डुप्लीकेट मतदाताओं को ईपिक कार्ड वितरण के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के द्वारा जिले के सर्व पोस्ट मास्टर, उप डाकघर की बैठक ली गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा सभी पोस्ट मास्टर को जिला निर्वाचन कार्यालय से भेजे जा रहे ईपिक कार्ड को समय-सीमा में वितरण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त जिन मतदाताओं के ईपिक कार्ड वितरण हेतु समस्या उत्पन्न हो रही हो उसी स्थिति में मतदान केन्द्र स्तर पर बूथ लेवल अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए समय-सीमा में ईपिक कार्ड वितरण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा नये मतदाताओं एवं संशोधित, डुप्लीकेट ईपिक कार्ड हेतु प्राप्त आवेदन के आधार पर इस कार्यालय से भेजे गये ईपिक कार्ड मतदान दिवस के पूर्व सभी मतदाताओं को समय पर उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देश दिया गया।



इस दौरान बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सुश्री लीना कोसम, उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका वर्मा एवं तीनों विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर उपस्थित रहें।

---

## आदर्श आचार संहिता लगने के बाद भी गृह पुलिस थाने से नहीं हटाए गए कई पुलिसकर्मी

### चिरमिरी क्षेत्र के विभिन्न पुलिस थानों में पदस्थ गृह क्षेत्र के थाने में पदस्थ पुलिसकर्मियों पर किसकी है मेहरबानी ?

-रवि सिंह -
एमसीबी/चिरमिरी 18 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

एमसीबी जिले में चिरमिरी नगर निगम क्षेत्र के कई पुलिस थानों में वर्षों से चिरमिरी के ही निवासी पुलिसकर्मी सेवा देते आ रहे हैं। यह ऐसे पुलिसकर्मी हैं जिनकी कई बार शिकायत हुई और कई बार इन्हे हटाने का आदेश भी जारी हुआ लेकिन इन्हें हटा कोई नहीं पाया और यह अपने ही गृह क्षेत्र के पुलिस थानों में पदस्थ चलते आए और आज भी पदस्थ हैं कई ने जब हटाए गए तब खुद की रवानगी भी ली लेकिन फिर वह लौट आए और आज भी वह जमे हुए हैं गृह पुलिस थानों में ही।

प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने हैं वहीं चुनाव के मद्देनजर अब आदर्श आचार संहिता भी लग चुकी है वहीं निर्वाचन आयोग लगातार यह ध्यान देकर उन कर्मचारियों को उनके हालिया पदस्थापना स्थल से हटा रहा है जिनका या तो विधानसभा गृह जिला या विधानसभा हो या अन्य कोई उनका निकट क्षेत्र से संबंध हो और वह चुनाव प्रभावित कर पाने में समर्थ माने जाते हों।। चिरमिरी क्षेत्र के कई पुलिस थानों कार्यालयों में पदस्थ कई पुलिसकर्मी ऐसे हैं जो गृह क्षेत्र पुलिस थानों में पदस्थ रहते हुए चुनाव प्रभावित कर सकते हैं जिनकी शिकायतों की भी लंबी फेहरिस्त है वहीं वह आम लोगों को परेशान भी कर सकते हैं आचार संहिता के दौरान ऐसी आशंका भी जिनको लेकर लोगों के बीच है उन्हे अभी तक उनके गृह थाना क्षेत्र से नहीं हटाया गया है। अब ऐसे पुलिसकर्मियों को उनके गृह पुलिस थाना क्षेत्र से हटाने की मांग उठने लगी है और यह मांग होने वाली है की पुलिस विभाग में कार्यरत ऐसे पुलिसकर्मियों को तत्काल उनके गृह थाना क्षेत्र से हटाया जाए जिससे निष्पक्ष चुनाव संपन्न हो सके जो कम से कम ऐसे पुलिसकर्मियों के रहते संभव नहीं है। अब देखना है एमसीबी पुलिस अधीक्षक ऐसे पुलिसकर्मियों को चुनाव तक उनके गृह पुलिस थाना क्षेत्र से हटाते हैं या उन्हे वहीं रहने देते हैं। इन पुलिसकर्मियों की है गृह थाना क्षेत्रों में पदस्थापना,जिनको चुनाव तक अन्यत्र भेजे जाने की उठ रही मांग- चिरमिरी क्षेत्र के निवासी वहीं चिरमिरी क्षेत्र के पुलिस थानों में ही वर्षो से पदस्थ कुछ पुलिसकर्मियों को चुनाव तक क्षेत्र से हटाए जाने की मांग होने वाली है,जिनमे प्रधान आरक्षक संजय पाण्डेय,जितेंद मिश्रा पुलिस थाना चिरमिरी में पदस्थ हैं। जय ठाकुर पुलिस चौकी कोरिया में पदस्थ हैं,गोलू नाम का आरक्षक,चंद्रसेन राजपूत सी एस पी कार्यालय चिरमिरी में पदस्थ है,अमित जैन थाना चिरमिरी में पदस्थ है,यह सभी चिरमिरी के ही मतदाता हैं वहीं यह यहीं पदस्थ हैं जिससे चुनाव की निष्पक्षता प्रभावित होगी ऐसा लोगों का मानना है जिन्हे हटाए जाने की मांग हो रही है।




---

## निर्वाचन में रिपोर्टिंग का कार्य समय सीमा पर होना सबसे महत्वपूर्णःसंभागायुक्त

**मतदान दलों के प्रशिक्षण स्थल व संयुक्त जिला कार्यालय में निर्वाचन के विभिन्न सेलों का किया निरीक्षण**

**3492 प्रशिक्षणार्थियों ने प्राप्त किया मतदान प्रशिक्षण**

**873 पीठासीन अधिकारी व 2511 मतदान अधिकारियों ने लिया प्रशिक्षण**

-संवाददाता-
सूरजपुर,18 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

सरगुजा संभागायुक्त श्रीमती शिखा राजपूत तिवारी आज सूरजपुर जिले में चल रहे विधानसभा निर्वाचन 2023 मतदान दल प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण करने पहुंची थी जहां उन्होंने प्रशिक्षण स्थल रेवती रमण मिश्र सूरजपुर, का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रत्येक कक्ष में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षार्थियों से संवाद किया। संबंधित मास्टर ट्रेनरों से प्रशिक्षण की वस्तु स्थिति के संबंध में जानकारी भी ली। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि निर्वाचन में रिपोर्टिंग का कार्य समय सीमा में होना सबसे महत्वपूर्ण है। यदि आप निर्वाचन की तैयारी पहले से ही कर लेंगे और किस फॉर्मेट में कौन-कौन सी जानकारी उपलब्ध करानी है या सुनिश्चित कर लेंगे तो कार्य दिवस के दिन आपको किसी भी प्रकार की समस्या से नहीं गुजरना पड़ेगा। 16 से 18 अक्टूबर तक पोलिंग पर्सन ट्रेनिंग का प्रशिक्षण चला, जिसमें 873 पीठासीन अधिकारी व 2511 मतदान अधिकारियों ने अर्थात कुल 3493 प्रशिक्षार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।





इसके साथ ही संभागायुक्त द्वारा संयुक्त जिला कार्यालय में निर्वाचन के लिए की जाने वाली व्यवस्था का अवलोकन किया। नामांकन की प्रक्रिया विधानसभा वार कौन से कक्ष में होनी है इसके संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने निर्वाचन से संबंधित स्थापित विभिन्न सेलों का निरीक्षण भी किया। जिसमें सी विजिल, एमसीएमसी सेल, ईईएम कंट्रोल रूम इत्यादि शामिल थे। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल, प्रशिक्षण नोडल अधिकारी सुश्री लीना कोसम व अन्य अधिकारी गण उपस्थित थे।

---




### 03 दिसम्बर को प्रातः 08 बजे से मतगणना होगी प्रारंभ

-संवाददाता-
सूरजपुर,18 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन - 2023 की मतगणना हेतु निर्धारित तिथि 03 दिसम्बर को प्रातः 08 बजे से मतगणना प्रारंभ किया जायेगा।

अभी भी नेताओं की गोद में बैठे हैं पार्टी के खिलाफ खुलकर बात करने वाले तथाकथित युवा,संगठन और अनुशासन की माला जपने वाले जिलाध्यक्ष पर भी उठ रही उंगली

# क्या पार्टी को लेकर गलत बयानी करने वाले सलमान जैसे कार्यकर्ताओं को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा पाएंगे भाजपा कोरिया जिलाध्यक्ष ?

**आखिर कैसे चुप हैं जिलाध्यक्ष ऐसे गंभीर मामले पर... ? ऐसे कार्यकर्ताओं के सक्रिय रहने से गिर रहा अन्य कार्यकर्ताओं का मनोबल...कार्यकर्ता अब संशय में क्या उनका काम केवल झंडा ढोना रह गया है... मलाई खाना और सत्ता का सुख भोगना पार्टी विरोध में बड़े नेताओं के विरोध में बयान देने वालों की किस्मत...सोच रहे कार्यकर्ता**




क्या भाजपा प्रत्याशी को टोपी व चश्मा पहनना सिखाने वाले संभालेंगे प्रचार का जिम्मा ?


भाजपा के खिलाफ ही जहर उगलता वीडियो भईयालाल राजवाड़े के समर्थक सलमान का हुआ वायरल

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर,18 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।
कोरिया जिले के बैकुंठपुर विधानसभा से भईयालाल राजवाड़े को भाजपा ने अपना प्रत्याशी बनाया है, भाजपा ने भईयालाल राजवाड़े को लगातार पांचवीं बार यह मौका दिया है वहीं यह मौका उन्हे कार्यकर्ताओं की मंशा भांपकर मिला है यह भी बताया जा रहा है। भईयालाल राजवाड़े को प्रत्याशी बनाए जाने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में शुरुआत के दौरान उत्साह देखने को मिला और कार्यकर्ताओं को लगने लगा था की उनके पांच साल के वनवास का, विपक्ष में रहने का दौर खत्म होने जा रहा है और उन्हे फिर उनका विधायक मिलेगा और सत्ता में उनकी धमक होगी लेकिन जिस तरह भईयालाल राजवाड़े के आसपास स्वार्थी और मतलब परस्त लोग जिनका काम केवल स्वार्थ सिद्ध करना है शेष उन्हे न तो पार्टी की जीत हार से मतलब है न ही उन्हे पार्टी को लेकर कोई चिंता है उनकी मौजूदगी होने लगी अब कार्यकर्ता उदास दिखने लगे हैं और कहीं न कहीं कार्यकर्ताओं को लगने लगा है की कहीं भईयालाल राजवाड़े फिर तो उसी राह पर तो नहीं निकल पड़े हैं जिस राह पर चलने की वजह से ही कार्यकर्ता उनसे पिछले चुनाव में दूर हुए थे और हार हुई थी उनकी। भईयालाल राजवाड़े को लेकर यह बात तो सभी जानते हैं और कार्यकर्ता भी मानते हैं की वह जब जब चुनाव जीत सके सत्ता का उन्हे सुख मिला उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को कभी तवज्जो नहीं दी न ही उनके दुख सुख को जानने का प्रयास किया उनकी जीत जब जब हुई उनके आस पास गिने चुने लोगों की ही भीड़ दिखी हमेशा पार्टी को नीचे से ऊपर लाने वाले कार्यकर्ता उनके हाशिए पर ही रहे। वहीं उनके साथ भाजपा के कुछ बड़े पदाधिकारी जरूर सटे रहे और उन्होंने जमकर लाभ कमाया लेकिन जमीनी कार्यकर्ताओं को लेकर उनका रुख कभी सकारात्मक नहीं रहा बशर्ते उनके साथ वह लोग जरूर सटे नजर आए जिन्हे केवल लाभ से मतलब रहा और जिन्होंने लगातार भाजपा सहित भाजपा नेताओं के लिए सार्वजनिक रूप से गलत बयानी की,अन्य दलों के लोग भी भईयालाल राजवाड़े को उनके कार्यकाल के दौरान प्रिय रहे जबकि भाजपा के कार्यकर्ताओं को उन्होंने कभी खुद के करीब नहीं आने दिया। हाल में सलमान अहमद नाम के एक भईयालाल राजवाड़े समर्थक का बयान जो एक टीवी न्यूज का हिस्सा है काफी वायरल हुआ है जबकि सलमान अहमद नाम का उक्त युवक भईयालाल राजवाड़े के पिछले कार्यकाल में उनका काफी करीबी था वहीं वह भाजयुमो का पदाधिकारी भी रह चुका था फिर भी टीवी न्यूज चैनल में उसने भाजपा पार्टी का छत्तीसगढ़ में कोई योगदान विकास में नहीं बताया बशर्ते उसने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी की ही बड़ाई की वहीं वह भाजपा सहित प्रधानमंत्री की बुराई ही करता देखा गया। अभी जबसे भईयालाल राजवाड़े को टिकट मिला है तब से वह फिर भईयालाल राजवाड़े के साथ सक्रिय दिख रहा है जो कार्यकर्ताओं को नागवार गुजर रहा है और कार्यकर्ता मायूस हैं की क्या फिर ऐसे मतलब परस्त ही भईयालाल राजवाड़े के इर्द गिर्द रहेगें क्या उन्हे फिर विपक्ष जैसा ही महसूस होने वाला है यदि भईयालाल राजवाड़े चुनाव जीतते हैं कार्यकर्ता इसी उधेड़ बुन में हैं। कार्यकर्ताओं को इसकी आशंका इसलिए भी नजर आ रही है क्योंकि सलमान अहमद जैसे कई लोग हैं जो भईयालाल राजवाड़े से सटे नजर आ रहे हैं वहीं इस मामले में भाजपा जिलाध्यक्ष भी मौन हैं अन्य बड़े पदाधिकारी भी मौन हैं।

### ➢ क्या भाजपा जिलाध्यक्ष इस मामले में अपनी चुप्पी तोड़कर स्पष्ट करेंगे की कार्यकर्ता प्रथम होगा पार्टी ?

क्या भाजपा जिलाध्यक्ष इस मामले में अपनी चुप्पी तोड़कर स्पष्ट करेंगे की कार्यकर्ता प्रथम होगा पार्टी और विधायक के लिए पार्टी का, या वह भी इस मामले में पुरानी ही स्थिति को लेकर तैयार हैं और मतलब परस्तों से भईयालाल राजवाड़े घिरे रहेंगे उन्हे इस मामले में कुछ नहीं कहना वह ठान चुके हैं। भईयालाल राजवाड़े के प्रचार प्रसार में जुटे लोग फिर वही हैं जिन्हे लेकर पिछले चुनाव में कार्यकर्ताओं सहित जनता ने उन्हें अस्वीकार किया था। स्वेक्षानुदान सूची अनुसार भईयालाल राजवाड़े से लाभ लेने वाले भी अपनी तस्वीर भईयालाल राजवाड़े के साथ साझा कर रहे हैं और कार्यकर्ता कहीं न कहीं मायूस मायूस नजर आ रहे हैं जिलाध्यक्ष भाजपा भी मौन हैं कार्यकर्ताओं को लेकर कुछ भी आश्वासन उनके पास नहीं है जबकि अनुशासन और पार्टी में पार्टी लाइन की बात वह लगातार करते हैं लेकिन भईयालाल राजवाड़े से जुड़े स्वार्थी लोगों को लेकर उनकी चुप्पी बरकरार है।जिलाध्यक्ष भाजपा के किसी निर्णय का भाजपा कार्यकर्ता इंतजार कर रहे हैं और वह निर्णय यह हो की स्वार्थ सिद्ध करने के उद्देश्य से ऐन चुनाव के समय भईयालाल राजवाड़े के इर्द गिर्द मंडराने वाले ऐसे लोग कम से कम प्रतिबंधित किए जाएं जिनका पार्टी प्रधानमंत्री को लेकर बयान सकारात्मक नहीं है। कार्यकर्ता चाहते हैं की जो प्रधानमंत्री को बुरा भला कह रहा हो भाजपा में रहकर मालदार होकर भी भाजपा के पन्द्रह साल को उपलब्धियों भरा नहीं बता रहा हो कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के प्रति जिसकी आस्था हो वह कतई पार्टी से दूर किया जाए क्योंकि वह अपना मत भी पार्टी प्रत्याशी को नहीं देने वाला ऐसे में वह अन्य का मत पार्टी के पक्ष में लाने का प्रयास करेगा यह असंभव है। अब देखना है जिलाध्यक्ष भाजपा क्या निर्णय लेते हैं और भईयालाल राजवाड़े के आसपास से किस तरह ऐसे लोगों को हटाते हैं जिनका खुद का ही कोई सिद्धांत नहीं है जी जो रंग बदलने में माहिर हैं।

### ➢ भईयालाल राजवाड़े फिर कर रहे हैं पुरानी गलती, पार्टी विरोधी लोग भईयालाल के इर्द गिर्द जमा लिए डेरा

बैकुंठपुर से भाजपा प्रत्याशी भईयालाल राजवाड़े फिर वही गलती कर रहे हैं जो वह पहले भी कर चुके हैं जिसका खामियाजा भी वह चुनाव में हार का सामना कर भुगत चुके हैं। भईयालाल राजवाड़े को जैसे ही भाजपा ने प्रत्याशी बनाया वैसे ही यह देखने को मिलने लगा की उनके सबसे करीब ऐसे लोग जा खड़े हुए जो पार्टी विरोधी हैं पार्टी के ही प्रधानमंत्री के लिए जिनके पास अच्छे शब्द नहीं हैं जबकि वह भाजपा कार्यकाल में ही फले फूले हैं। ऐसे लोगों के जमावड़े के बाद भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता अब असमंजस में हैं वहीं उन्हे भय है अभी से की भईयालाल राजवाड़े के चुनाव जीतते ही यह लोग उनके सबसे करीब हो जायेंगे वहीं यह लोग बाकी कार्यकर्ताओं को किनारे कर देंगे। कार्यकर्ताओं की यदि मंशा समझी जाए तो उनका सोचना गलत नहीं है,यह भईयालाल राजवाड़े की बड़ी गलती ही कही जाएगी की वह उन्हे तव्वजो दे रहे हैं जिनका पार्टी से पार्टी के नफा नुकसान से कोई लेना देना नहीं है वह केवल अपने स्वार्थ के लिए जुड़े हैं और स्वार्थ पूर्ति कर वह निकल जायेंगे बाद में पार्टी को ही उनके लिए बदनाम होना पड़ेगा वहीं कर्मठ कार्यकर्ता उनके सामने बौने हो जायेंगे वह ही सर्वे सर्वा हो जायेंगे। अब देखना है की भईयालाल राजवाड़े आगे क्या करते हैं और पुरानी गलती दुहराते हैं या फिर इस बार कम से कम उन्हे दूर करते हैं खुद से जो केवल स्वार्थ वश उनसे जुड़े हैं पार्टी के लिए जो घातक हैं।

### ➢ भाजपा जिलाध्यक्ष कोरिया क्या भाजपा प्रत्याशी को पार्टी विरोधी लोगों से दूर रहने देंगे हिदायत,यह भी सवाल है कार्यकर्ताओं का

भाजपा कोरिया जिलाध्यक्ष खुद को अनुशासन का सही पालन करने वाला और कराने वाला पार्टी हित में मानते हैं।।इस बार बैकुंठपुर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी जिन्हे बनाया गया है वह सबसे ज्यादा करीब भी जिलाध्यक्ष भाजपा के ही हैं वहीं भाजपा प्रत्याशी के इर्द गिर्द स्वार्थी पार्टी विरोधी लोगों का जमावड़ा वह भी देख सुन रहे हैं कार्यकर्ताओं की व्यथा वह भी सुन समझ रहे हैं,अब देखना है की लगातार पार्टी में अनुशासन की बात करने वाले भाजपा जिलाध्यक्ष भाजपा प्रत्याशी को चुनाव के दौरान अनुशासन सीखा पाते हैं की नहीं वह क्या पार्टी विरोधी लोगों को भाजपा प्रत्याशी से दुर रहने हिदायत देंगे प्रत्याशी को भी ऐसा ही करने हिदायत देंगे यह सवाल उठ रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष को पार्टी से जुड़े और पार्टी का साथ छोड़ चुके लोगों को एक करके यह चुनाव जीतना है अब देखना है वह कैसे ऐसा कर पाते हैं क्योंकि अभी ताजा स्थिति में तो कार्यकर्ता भाजपा प्रत्याशी से दुर हो रहे हैं स्वार्थी पार्टी विरोधी प्रत्याशी के साथ चल रहे हैं।

### ➢ भाजपा की बुराई,भाजपा से ही प्रधानमंत्री की बुराई करने वाले भाजपा शासन में खायेंगे मलाई यह भी सोच रहे कार्यकर्ता

भाजपा कार्यकर्ता बैकुंठपुर विधानसभा में काफी सोच में डूबे हुए हैं, उनको भाजपा प्रत्याशी के इर्द गिर्द फिर वही लोग नजर आ रहे हैं जो भाजपा विरोधी हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विरोधी हैं। भाजपा कार्यकर्ता यह सोचकर चिंतित हैं की फिर वही लोग भाजपा में मलाई खाने आगे आ गए हैं जिनका काम भाजपा को कोसना ही रहा है। अब भाजपा कार्यकर्ताओं को इस बात का आश्वासन कौन देगा की पहले कार्यकर्ता फिर स्वार्थी का नंबर विधायक बनने के बाद प्रत्याशी के समक्ष लगेगा क्योंकि भाजपा जिलाध्यक्ष सहित संगठन भी इस मामले में मौन है और कहीं न कहीं इससे कार्यकर्ताओं की चिंता बढ़ी हुई है।

### ➢ भईयालाल राजवाड़े को काफी सोच विचार कर इस बार करना होगा चुनाव प्रचार,स्वेक्षानुदान मामले में भी फिर विपक्ष होगा हमलावर

भईयालाल राजवाड़े को इस चुनाव में काफी सोच विचार कर चुनाव प्रचार में उतरना होगा क्योंकि उन्हे कार्यकर्ताओं का विश्वास ज्यादा जितना होगा,इस बार विपक्ष फिर उनके पूर्व कार्यकाल के स्वेक्षानुदान मामले को उठाएगा जिसकी संभावना बन रही है वहीं स्वेक्षानुदान मामले में जिनके कारण वह बदनाम हुए थे उन्हे खुद से उन्हे दूर रखना होगा। स्वार्थी लोगों से दूर रहना होगा ,पार्टी विरोधी लोगों से दूर रहना होगा वहीं उन्हे उनसे भी दूर रहना होगा जिन्हे लोग पीठ पीछे हटते ही नापसंद करते हैं खासकर पार्टी के ही कार्यकर्ता।

# महज 12 घंटे में सीएसईबी पुलिस ने शुभम के हत्यारों को किया गिरफ्तार




-संवाददाता-
कोरबा,18 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।
जिले में रामपुर सिविल थाना क्षेत्र अंतर्गत ढोढीपारा भैंस खटाल में बीते दिनों हुई हत्या के आरोपियों को पुलिस ने महज बारह घंटे के भीतर धर दबोचा है । मामले का खुलासा करते हुए बताया गया के प्रार्थी किशन कुमार साहू पिता यशपाल सिंह साहू उम्र 21 साल सा0 ग्राम द्वारा थाना उमरा जिला सक्ती हाल मुकाम चारपारा कोहडिया चौकी सीएसईबी थाना सिविल लाइन रामपुर जिला कोरबा (छ0ग0) के द्वारा दिनांक 16.10.2023 को पुलिस चौकी सीएसईबी जिला कोरबा में अपने परिजनों सहित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 15 अक्टूबर को रात्रि करीब बारह बजे सर्दी बुखार होने पर यह अपने दोस्त सूरजभान साहू उर्फ शुभम ढोढीपारा भैंस खटाल के साथ गबेल मेडिकल दवाई लेने गया था। उसी समय मोहल्ले के रिक्की यादव और प्रभाकर सहिस मोटरसाइकिल से मेडिकल आए तथा सूरजभान साहू उर्फ सुभम से 10 मिनट अकेले में बात करना है कहकर साथ में लेकर नहर की ओर चले गए थे। प्रार्थी ने मेडिकल के पास कुछ देर तक इंतजार किया उसके बाद वापस घर चला गया था। रात्रि करीब 12-30 बजे के आसपास पता चला कि सूरजमान साहू उर्फ सुभम को रिक्की यादव और प्रभाकर सहिस ने किसी वजनी औजार से सिर में मारकर हत्या कर दिए है वह नहर किनारे पड़ा है तब यह लोग ढोढ़ीपारा भैसखटाल नहर किनारे जाकर देखे तो नहर के पचरी में सूरजभान साहू उर्फ सुभम खून से लथपथ पड़ा था उसके सिर में कई जगह चोट के निशान थे जिसे ईलाज कराने जिला अस्पताल कोरबा लेकर गए थे, जहां डॉक्टर द्वारा प्रारंभिक जांच कर मृत होना बताया । प्रार्थी कि रिपोर्ट पर मर्ग क0 57/2023 धारा 174 जा0फा0 एवं अपराध कमांक 483/ 2023 धारा 302, 34 भा0द0वि0 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए घटना की सूचना तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दिया गया । पुलिस अधीक्षक कोरबा जितेन्द्र शुक्ला के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरबा अभिषेक वर्मा के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा भूषण एक्का के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी सिविल लाईन रामपुर निरीक्षक मृत्युंजय पांडेय, तथा चौकी प्रभारी सीएसईबी उप निरीक्षक नवीन पटेल को मामले में त्वरित सख्त एवं प्रभावी कार्यवाही कर मामले में संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी करने का निर्देश प्राप्त हुआ।

वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त निर्देश के परिपालन में चौकी प्रभारी सीएसईबी उप निरीक्षक नवीन पटेल द्वारा अपने अधिनस्थ स्टाफ के सहयोग से त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना करित करने वाले आरोपीगण (01) प्रदीप कुमार यादव उर्फ रिक्की यादव पिता मनोज कुमार यादव उम्र 24 साल सा0 ढोढ़ीपारा भैंसखटाल चौकी सीएसईबी जिला कोरबा (02) प्रभाकर सहीस उर्फ साधू उर्फ छोटू पिता स्व0 बुधराम सहीस उम्र 23 साल सा0 ढोढ़ीपारा भैंसखटाल चौकी सीएसईबी जिला कोरबा को घटना के महज 12 घंटे के भीतर हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर मृतक के साथ पुरानी रंजीश एवं शंका के आधार पर पूर्व से योजना बनाकर हत्या करना स्वीकार किया गया है । जिसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 नग लोहे का हथौड़ा, 01 नग सूजा तथा अन्य सामान जप्त कर वैधानिक कार्यवाही करने उपरांत आरोपीगण को प्रकरण में गिरफ्तार किया गया है तथा दिनांक 17.10.2023 को न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है।

# निर्माण एजेंसी की मनमानी से सीसी सड़क चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट

**लाखों रुपए की लागत की सीसी सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता विहीन सीमेंट का उपयोग निर्माण कार्य की देखरेख करने वाले इंजीनियर को नहीं दिखाई दिया ?...क्या ये भी लाखों के लागत कि सी सी सडक और सी सी सड़कों जैसे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाएगी ?**




-राजेन्द्र शर्मा-
खड़गवां,18 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।
**खड़गवां** जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत तोलगा स्थित इस ग्राम पंचायत तोलगा मे नवनिर्मित सी सी सडक का निर्माण कार्य झारपारा मेन रोड से संरपच घर तक कराया जा रहा है इस सी सी सड़क निर्माण कार्य में स्थानीय ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि सी सी सड़क का निर्माण कार्य घटिया सामग्री का उपयोग कर सी सी सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है इस निमार्ण कार्य में घटिया सीमेंट गुणवत्ता विहीन गिट्टी एवं जिस साइज की गिट्टी का उपयोग कर सी सी सड़क का निर्माण कार्य किया जाना था वो नहीं किया किया जा रहा है इस सी सी सड़क के निर्माण कार्य के नीचली सतह पर जिस गुणवत्ता युक्त प्लास्टिक उपयोग कर सी सी सड़क का निर्माण कार्य किया जाना है वो नहीं किया जा रहा है बिना बाईब्रेटर मशीन के सी सी सडक का निर्माण कार्य किया जा रहा है सी सी सड़क के निर्माण स्थल पर ब्राईब्रेटर मशीन सिर्फ और सिर्फ वो शो पीस के तौर पर रखी रहती हैं अगर किसी अधिकारी का निरीक्षण हो गया तो उस मशीन को सिर्फ देखने के लिए सिर्फ चालू किया जाता है। उसका कही इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है सी सी सड़क निर्माण कार्य की नीचली सतह पर जिस समाग्री का उपयोग कर सतह को तैयार कर सी सी सड़क का निर्माण कार्य कराया जाना था वो भी नहीं किया गया है और आनन फानन में गुणवत्ता विहीन सीमेंट बिना ग्रेड के मिनी प्लांट के सीमेंट से लाखों रुपए की सी सी सडक गुणवत्ता विहीन प्लास्टिक का उपयोग कर सी सी सड़क को तैयार कर दिया जा रहा है।

सी सी सड़क के निर्माण स्थल पर लगे सूचना पटल पर किसी प्रकार का मजदूरी भुगतान की राशि का उल्लेख नहीं किया गया है सी सी सड़क निर्माण कार्य पूर्ण का दिनांक भी नहीं है। कार्य प्रारंभ दिनांक 6/10/202 सी सी सड़क की लागत 7.20 सात लाख बीस हजार रूपए है सूचना पटल पर अंकित योजना जिला खनिज न्यास संस्थान से स्वीकृत है।

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि मजदूरी दर अंकित नहीं होने से मजदूरी दर की जानकारी प्राप्त नहीं हो रही है। तोलगा ग्राम पंचायत मे सी सी सडक निर्माण लाखों रूपये की लागत से सी सी सडक का निर्माण कार्य कराया जा रहा है इस सीसी सडक की निचली सतह पर मुरूम डाल कर रोलर से पानी का छिड़काव कर के रोलिंग करने के बाद सी सी सड़क का निर्माण कार्य किया जाना होता है जो नहीं किया गया है। यह लाखों रुपए की लागत की सी सी सडक भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है।

ग्रामीण यांत्रिकी विभाग खड़गवां के अनु विभागीय विभागीय अधिकारी के द्वारा निर्माणाधीन सी सी सडक निर्माण स्थल का निरीक्षण नहीं किया जाता है। जबकि जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के अनुविभागीय अधिकारी के द्वारा समय समय पर निरीक्षण कर प्रतिवेदन तैयार करना होता है। जो खड़गवां ग्रामीण यांत्रिकी के कार्यालय मैं बैठकर निर्माण कार्य का निरीक्षण कर लिया जाता है? जिसके कारण जनपद पंचायत खड़गवां क्षेत्र में जितने भी सी सी संबंधित निर्माण कार्य हो रहे हैं वो पूर्णतः गुणवत्ता विहीन और घटिया निर्माण कार्य किया जा रहा है जिसकी सारी जानकारी अधिकारी को है।

इस संबंध में ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के अनुविभागीय अधिकारी के के चौधरी से जानकारी चाही तो उन्होंने ने कहा कि मैं इसकी जांच कर काम को रोक लगाता हूं।

# पोते को मगरमच्छ से बचाने दांव पर लगा दी अपनी जान



-संवाददाता-
कोरबा,18 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।
जिले के पाली शिवपुर का मामला है जहाँ अचानक एक मगरमच्छ घर में सो रहे लोगों पर हमला कर दिया। यह मगरमच्छ बगल के तालाब से घर में घुस आया जिसे देख परिवार में हड़कंप मच गया । मामला 18 अक्टूबर की सुबह लगभग 5 से 6 बजे के बीच शिवपुर परसदा गांव के तालाब से निकल कर एक घर में विशालकाय मगरमच्छ जा घुसा। जहाँ सभी परिवार के लोग सो रहे थे । मगरमच्छ ने परिवार की मासूम बच्चे पर हमला कर दिया। जैसे ही मासूम ने चिल्लाया ,दादा हरिराम टोप्पो की नींद खुली और दादा ने देखा की मगरमच्छ मासूम के करीब हैं, जिसे देख दादा ने आनन फानन में अपने नाती को बचाने के लिए मगरमच्छ से भीड़ गया और बच्चे को तो बचा लिया पर हरिराम टोप्पो बुरी तरह से घायल हो गया । गांव के लोगों को जानकारी लगते ही पाली वनविभाग के रेंजर श्री संजय लकरा को इसकी सूचना दी गई । जिसे गंभीरता से लेते हुए विभाग की टीम को घटना स्थल में भेजा गया एवं पहुंची टीम ने मगरमच्छ को रेस्क्यू करते हुए डेम में छोड़ा । साथ ही घटना स्थल पर पहुंचे 112 की टीम ने घायल हरिराम टोप्पो को उपचार के लिए पाली स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया ।

# जिले के नवनिर्मित ऑडिटोरियम में मतदाता जागरूकता को लेकर हुआ स्वीप कार्यक्रम

-संवाददाता-
सूरजपुर,18 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।



''स्वीप क्या और क्यों'' इसके संबंध में सभी उपस्थित जनों को जानकारी देते हुए संभागायुक्त श्रीमती शिखा राजपूत तिवारी अपने उद्बोधन की शुरुआत की। उन्होंने बताया कि व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी से सभी को जोड़ना स्वीप कार्यक्रम का उद्देश्य है। इसके साथ ही उन्होंने उपस्थित जनों के बीच मताधिकार के महत्व के संबंध में जानकारी दी। उपस्थित विद्यार्थियों को अपने परिवार के सदस्य जो की 18 वर्ष के हो गए हैं या 18 वर्ष की उम्र पार कर गए हैं, उन्हें मतदान केंद्र में जाकर वोट देने के लिए प्रेरित करने की बात कही। राजनीतिक दलों द्वारा जारी किए जाने वाले घोषणा पत्र पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने सभी से अपील की कि जिले में मतदान जागरूकता को लेकर ऐसा अभियान चलाया कि यहां शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। उक्त वक्तव्य उन्होंने नव निर्मित ऑडिटोरियम में स्वीप कार्यक्रम के दौरान कही। इस जिला पंचायत सीईओ व प्रशिक्षण नोडल अधिकारी सुश्री लीना कोसम व अन्य अधिकारी गण उपस्थित थे।

# भारत-बांगलादेश के बीच मैच आज

» रोहित शर्मा ने नेट्स में की गेंदबाजी की प्रैक्टिस,

» आर अश्विन ने दिए बॉलिंग टिप्स




**पुणे,18 अक्टूबर 2023।** आईसीसी वर्ल्ड कप 2023 में 19 अक्टूबर को भारत और बांग्लादेश मैच पुणे में खेला जाना है। भारत ने अपना तीसरा वर्ल्ड कप मैच 14 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ खेला था, जिसके बाद अगले मैच से पहले टीम इंडिया को एक छोटा सा ब्रेक मिल गया। बांग्लादेश के खिलाफ मैच से पहले टीम इंडिया ने नेट्स पर जमकर प्रैक्टिस की, लेकिन इस दौरान एक बात की जो सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है, वह है नेट्स पर कप्तान रोहित शर्मा की गेंदबाजी की। इस दौरान आर अश्विन ने रोहित को गेंदबाजी के टिप्स भी दिए। दरअसल, रोहित शर्मा नेट्स पर रविंद्र जडेजा को गेंदबाजी कर रहे थे। इस दौरान ऐसा कुछ हुआ जिसे देखकर पूर्व भारतीय क्रिकेटर कमेंटेटर संजय मांजरेकर असमंजस में पड़ गए। रोहित शर्मा को इस दौरान ऑफ स्पिन की टिप्स आर अश्विन भी देते नजर आए। जिसे देखकर मांजरेकर हैरान रह गए।

मांजरेकर ने स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए कहा कि, अब ये फिक्र है। टूर्नामेंट से पहले ही रोहित शर्मा ने इसको लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपनी बात रखी थी। रोहित गेंदबाजी करते दिख रहे हैं वह इसलिए नहीं कि टूर्नामेंट में टीम इंडिया अच्छा कर रही है, बल्कि इसलिए क्योंकि उन्होंने इसका जिक्र वर्ल्ड कप से पहले भी किया था। उन्होंने कहा था कि हमेशा ऐसे बल्लेबाज होना अच्छा होता है जो कुछ गेंदबाजी भी कर सके। भारत के लिए अगर वह ऑफ स्पिनर के तौर पर तीन-चार ओवर कर सकें, तो ये टीम के लिए अच्छा होगा क्योंकि बांग्लादेश टीम में चार-पांच बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं।

गेंदबाजी करने के बाद रोहित नेट्स पर मौजूद अश्विन के पास गए। अश्विन इस दौरान रोहित की गेंदबाजी पर नजर बनाए हुए थे। रोहित और अश्विन के बीच बातचीत हुई। अश्विन इस दौरान रोहित को टिप्स देते नजर आए।

वहीं इस पर मांजरेकर ने कहा कि, ऐसा लग रहा है कि टीम इंडिय इस मैच के प्लेइंग इलेवन 11 में अश्विन को शामिल नहीं करना चाहती है। जो एक बड़ा फैसला होगा। अगर अश्विन होते हैं, तो किसी एक पेसर को बाहर करना होगा और हार्दिक पांड्या को तीसरे पेसर के तौर पर टीम मैनेजमेंट नहीं प्लेइंग इलेवन में रखना चाहता है। अश्विन जैसे रोहित को टिप्स दे रहे हैं ऐसे में उनका पत्ता कट सकता है।

## घुटने की चोट के बाद रोते हुए बाहर गए नेमार

**मोंटेवीडियो (उरूग्वे),18 अक्टूबर 2023।** उरूग्वे के खिलाफ विश्व कप क्वालीफाइंग मैच में 2 . 0 से मिली हार के दौरान पहले हाफ में घुटने में चोट लगने के कारण ब्राजील के स्टार फुटबॉलर नेमार रोते हुए मैदान से बाहर गए ।31 वर्ष के नेमार 44वें मिनट में दौड़ते हुए गिर गए । दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने उन्हें घेर लिया जब वह घुटना पकड़कर बैठे थे ।उन्हें जब स्ट्रेचर पर ले जाया गया तो उन्होंने अपने हाथों से चेहरा ढक लिया था । उनकी जगह रिचार्लिसन ने मैच खेला ।वह बैसाखियों के सहारे स्टेडियम से बाहर गए । ब्राजील के डॉक्टर रौद्रिगो लसमार ने कहा कि अभी यह कहना मुश्किल है कि उनकी चोट किस स्तर की है । उन्होंने कहा, हमने टेस्ट किये हैं और कल फिर करेंगे । इन 24 घंटों में पता चलेगा कि चोट कैसी है ।



## शेन बांड ने मुंबई इंडियंस से नाता तोड़ा




**मुंबई,18अक्टूबर 2023।** पिछले नौ साल से मुंबई इंडियंस के गेंदबाजी कोच रहे न्यूजीलैंड के पूर्व स्टार तेज गेंदबाज शेन बांड ने इस आईपीएल टीम से नाता तोड़ लिया है ।बांड 2015 में मुंबई टीम से जुड़े थे और उनके गेंदबाजी कोच रहते टीम चार आईपीएल खिताब जीत चुकी है ।उन्होंने मुंबई इंडियंस अमीरात के मुख्य कोच के पद से भी इस्तीफा दे दिया । उन्होंने टीम द्वारा जारी एक बयान में कहा , मैं पिछले नौ सत्र में मुंबई इंडियंस परिवार का हिस्सा बनने के लिये अंबानी परिवार को धन्यवाद देता हूं । यह बेहतरीन अनुभव रहा और मैदान के भीतर तथा बाहर काफी अच्छी यादें रही ।

उन्होंने कहा , इतने महान लोगों , खिलाड़ियों और स्टाफ के साथ काम करने का मौका मिलना सौभाग्य की बात रही । मुझे उन सभी की कमी खलेगी । भविष्य के लिये शुभकामनायें ।

बांड 2015, 2017, 2019 और 2020 में खिताब जीतने के समय मुंबई इंडियंस के साथ थे ।

मुंबई ने इस साल अगस्त में श्रीलंका के लसिथ मलिंगा को गेंदबाजी कोच बनाया है । वह मुंबई के लिये खेल भी चुके हैं । न्यूजीलैंड के लिये 18 टेस्ट, 82 वनडे और 20 टी20 खेल चुके बांड ने मुंबई इंडियंस के युवा गेंदबाजों को तैयार करने में अहम भूमिका निभाई है ।

## स्टेन वावरिंका ने बोर्ना गोजो को हराकर राउंड 16 में प्रवेश किया

**स्टॉकहोम,18 अक्टूबर 2023।** स्टैन वावरिंका ने स्टॉकहोम में व्यवसाय में वापस आने में कोई समय बर्बाद नहीं किया क्योंकि उन्होंने स्टॉकहोम ओपन के पहले दौर में बोर्ना गोजो को 7-5, 6-4 से हराया। वावरिंका ने अपने पहले एटीपी हेड2हेड मुकाबले में गोजो पर 91 मिनट की जीत पूरी करने के लिए अपने दस ब्रेक प्वाइंट में से तीन को भुनाया।

इस जीत के साथ, 38 वर्षीय स्विस खिलाड़ी 1991 में 39 वर्षीय जिमी कॉनर्स के बाद इनडोर एटीपी 250 में मैच जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। वावरिंका इससे पहले स्टॉकहोम में प्रतिस्पर्धा कर चुके हैं और 2010 और 2011 में क्वार्टरफाइनल तक पहुंचे थे। पूर्व विश्व नंबर 3 खिलाड़ी सीजन के अपने चौथे टूर-स्तरीय क्वार्टरफाइनल में भाग लेने की कोशिश में होंगे, जब उनकी अगली मुलाकात स्वीडन में भाग्यशाली हारे हुए खिलाड़ी टॉमस मचाक से होगी।


इस बीच, दुनिया के 61वें नंबर के खिलाड़ी एमिल रुसुवुओरी ने स्टॉकहोम में तेज शुरुआत करते हुए क्वालीफायर बेंजामिन हसन पर 6-2, 6-1 से जीत



दर्ज की।रुसुवुओरी चार हफ्ते पहले अपनी टीम को विजयी डेविस कप फाइनल्स ग्रुप स्टेज अभियान में ले जाने के बाद अपने पहले प्रतिस्पर्धी मैच में 57 मिनट की जीत से बहुत खुश थे।

÷मैं प्रदर्शन से बहुत खुश हूं। मुझे टूर से कुछ हफ्ते की छुट्टी मिली थी, इसलिए इतने अच्छे प्रदर्शन के साथ इस तरह से शुरुआत करना अच्छा है। यह एक विशेष जगह हैज मेरे लिए यह सर्वश्रेष्ठ में से एक है निश्चित रूप से सप्ताह। मुझे वास्तव में स्टॉकहोम पसंद है, यह एक ऐसी जगह है जहां मैं संभवतः रह सकता हूं और मेरे दोस्तों और परिवार के लिए यहां आना और देखना आसान है, ÷एटीपी ने रुसुवुओरी के हवाले से कहा।

रुसुवुओरी स्टॉकहोम में दूसरे दौर में तीसरी वरीयता प्राप्त टालोन ग्रिक्सपुर से खेलेंगे।इससे पहले दिन में स्टॉकहोम में तीन उलटफेर हुए। जे जे वोल्फ ने पांचवीं वरीयता प्राप्त सेबेस्टियन बेज को 7-6(5), 6-2 से हराकर लास्लो जेरे से मुकाबला तय किया, जिन्होंने घरेलू वाइल्ड कार्ड लियो बोर्ग को 6-3, 6-3 से हराया। क्वालीफायर पावेल कोटोव ने दो घंटे और 28 मिनट में सातवीं वरीयता प्राप्त क्रिस्टोफर यूबैंक्स को 6-7(2), 6-3, 7-6(5) से हराया। विश्व नंबर 109 का दूसरे दौर में लोरेंजो सोनेगो से मुकाबला होगा।



## श्रीलंका के खिलाफ मैच में डीआरएस का फैसला अपने खिलाफ जाने से नाराज वॉर्नर

**नयी दिल्ली,18 अक्टूबर 2023।** आस्ट्रेलिया के अनुभवी सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर श्रीलंका के खिलाफ विश्व कप मैच में डीआरएस का फैसला अपने खिलाफ जाने से नाराज और दुखी हैं और उन्होंने व्यवस्था में अधिक जवाबदेही की मांग की है ।

आस्ट्रेलिया ने लखनऊ में यह मैच पांच विकेट से जीता । वॉर्नर को श्रीलंका के तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका ने पगबाधा आउट किया था ।वॉर्नर ने कहा , मैने कभी नहीं देखा कि हॉक आई ने बताया हो कि तकनीक कैसे काम करती है । यह सिर्फ टीवी के लिये है ।उन्होंने कहा , उन्हें हमें बताना चाहिये कि यह कैसे काम करती है । इसके बाद हम तय करेंगे कि उन्हें रेफर करना है या नहीं । मैने मैदानी अंपायर से पूछा कि मुझे आउट क्यो दिया गया । उन्होंने कहा कि गेंद पीछे की ओर स्विंग होकर स्टम्प पर लग रही थी । मुझे ऐसा नहीं लगा ।

उन्होंने यह भी कहा कि यहां बॉल ट्रैकिंग फैसलों में आस्ट्रेलिया की तुलना में अधिक समय लग रहा है ।

उन्होंने कहा, यहां इतना समय लग रहा है कि बल्लेबाज इंतजार करते हुए चिढ जाये ।

## डेको ने कहा,रोके जनवरी में जल्द ही बार्सिलोना में हो सकते हैं शामिल

**मैड्रिड ,18अक्टूबर 2023।** क्लब के खेल निदेशक डेको ने खुलासा किया कि एफसी बार्सिलोना ब्राजील के 18 वर्षीय स्ट्राइकर विक्टर रोके को अगले जनवरी की शुरुआत में अपनी पहली टीम में पदोन्नत कर सकता है। बार्सा ने शुरुआत में गर्मियों के दौरान युवा फॉरवर्ड को साइन किया, और उसे 2024-2025 सीज़न के लिए पहली टीम में शामिल करने की योजना बनाई। हालाँकि, एल मुंडो डेपोर्टिवो अखबार के साथ एक साक्षात्कार में, डेको ने खुलासा किया कि अगर बार्सिलोना ला लीगा की वित्तीय निष्पक्ष खेल आवश्यकताओं का अनुपालन कर सकता है, तो यह कदम जल्द ही उठाया जा सकता है



उन्होंने कहा, हमें अभी तक नहीं पता कि हम उसे ला सकते हैं या नहीं, लेकिन अगर हम उसे जनवरी में ला सकते हैं, तो वह टीम में शामिल हो जाएगा।÷ अपनी उम्र के बावजूद, रोके ने पहले ही ब्राजील में एथलेटिको पैरानेंस के लिए 77 मैचों में 27 गोल किए हैं, हालांकि टखने की चोट के कारण वह वर्तमान में बाहर हैं।डेको ने उस युवा खिलाड़ी के बारे में बताया, क्लब के डॉक्टर पैरानेंस के डॉक्टरों के संपर्क में हैं। मुझे पता है कि वह ठीक हो रहा है, वह ठीक है और वह जल्द ही प्रशिक्षण पर लौट आएगा। ÷ बार्सिलोना। ÷तकनीकी गुणवत्ता के साथ-साथ उसके पास बहुत व्यक्तित्व होना चाहिए। वह एक बहादुर खिलाड़ी है, जो दबाव महसूस नहीं करता है और यह अच्छा है, क्योंकि बार्सिलोना खेलने के लिए एक कठिन क्लब है।÷डेको ने निष्कर्ष निकाला, वह युवा है और उसे अभी भी बहुत कुछ सीखना है, लेकिन मुझे पता है कि वह एक ऐसा खिलाड़ी है जो जल्दी सीख जाएगा और उसके पास इतनी कम उम्र में बार्सिलोना जैसी महत्वपूर्ण चुनौती का सामना करने में सक्षम होने के लिए एक मजबूत चरित्र है।

## इंग्लैंड के कोच मैथ्यू मॉट ने बेन स्टोक्स को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ प्लेइंग 11 में जगह दी है



**मुंबई ,18अक्टूबर 2023।** इंग्लैंड के सफेद गेंद के मुख्य कोच मैथ्यू मॉट अपनी पूरी कोशिश कर रहे हैं और उम्मीद कर रहे हैं कि स्टार ऑलराउंडर बेन स्टोक्स साउथ के खिलाफ आईसीसी विश्व कप मुकाबले के लिए पूरी तरह से ठीक हो जाएंगे। अफ्रीका. स्टोक्स कूल्हे की शिकायत के कारण इंग्लैंड के शुरुआती तीन विश्व कप मैचों में नहीं खेल पाए थे और वह किनारे खड़े रहे जबकि उनके साथियों को न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान से करारी हार का सामना करना पड़ा।

हम स्पष्ट रूप से उसके साथ अपेक्षाकृत रूढ़िवादी रहे हैं, लेकिन मेडिकल स्टाफ को हमेशा विश्वास था कि दक्षिण अफ्रीका एक ऐसा खेल था जिसे हम निशाना बना सकते थे। मेरे पास पिछले 24 घंटों में उसके बारे में कोई रिपोर्ट नहीं थी, लेकिन उससे पहले, वह चालू था लक्ष्य, मैथ्यू मॉट को ईएसपीएनक्रिकइन्फो ने यह कहते हुए उद्धृत किया था।तो उंगलियां पार हो गई, वह उन सभी चीजों पर निशान लगा सकता है जिन पर टिक लगाने की जरूरत है और वह उस पक्ष में वापस आ जाता है। वह कई मायनों में समूह के आध्यात्मिक नेता की तरह है, और उसने निश्चित रूप से दूसरे दिन के खेल के बाद बहुत अच्छी बात की थी , और वास्तव में खुद को मुखर करने की आवश्यकता के बारे में बात की, उन्होंने आगे कहा।

## कोच्चि में हुआ स्वर्ण पदक विजेताओं का शानदार स्वागत

**कोच्चि,18अक्टूबर 2023।** 19वें एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले भारतीय पुरुष 4म400 मीटर रिले टीम के सदस्यों, मोहम्मद अजमल और मोहम्मद अनस याहिया का कोच्चि के कोचीन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार को गर्मजोशी से स्वागत किया गया। ।

दोनों धावकों का भारतीय नौसेना कर्मियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

मोहम्मद अनस याहिया ने एएनआई को बताया, हमने अपनी रिले प्रतियोगिता में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। हमने बुडापेस्ट में भी अच्छा प्रदर्शन किया। हमारे बुडापेस्ट प्रदर्शन से, हम एशियाई खेलों के लिए अच्छी तरह प्रेरित हुए।÷

अजमल ने एथलीटों का समर्थन करने और उन्हें प्रेरित करने के लिए भारतीय नौसेना को धन्यवाद दिया।

अजमल ने एएनआई को बताया, मुझे अपने देश के लिए पदक जीतने पर गर्व है। हमें नौसेना से बहुत समर्थन मिला और हम प्रेरित हैं। मैं बहुत खुश हूं।÷

अनस याहिया, अमोज जैकब, अजमल और राजेश रमेश की भारतीय पुरुष 4म400 मीटर रिले टीम ने हाल ही में संपन्न 19वें एशियाई खेल में 3्01.58 सेकेंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता। भारत ने हीट वन में 3्03.81 मिनट का समय लेकर कतर, जापान और इराक को हराकर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।



अनस, अजमल, जैकब और राजेश की इसी चौकड़ी ने 2्59.05 मिनट के समय के साथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया, जो अंतिम चैंपियन यूएसए से पीछे थी।

भारतीय टीम ने पिछले महीने बुडापेस्ट में 2्59.51 का एशियाई रिकॉर्ड तोड़कर इतिहास रचा था।

भारत ने इस साल एशियाई खेलों में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 28 स्वर्ण सहित 107 पदक जीते।

## सालार से पृथ्वीराज सुकुमारन का फर्स्ट लुक आउट,वर्धाराज मन्नार के रूप में आएंगे नजर



'प्रभास' की मच अवेटेड फिल्म 'सालार' से एक्टर पृथ्वीराज सुकुमारन का फर्स्ट लुक आउट हुआ है। यह पोस्टर पृथ्वीराज के 41वें बर्थडे के मौके पर रिलीज हुआ है। पोस्टर में पृथ्वीराज का खतरनाक लुक देखने को मिल रहा है। फिल्म में वह वर्धाराज मन्नार का किरदार निभा रहे हैं। उनका यह लुक उनके नाम पर फिट बैठ रहा है। उन्होंने माथे पर एक लंबा टीका लगा हुआ है और नाक में एक बड़ी रिंग है। गले में स्कार्फ डाले हुए हैं। उनके पीछे भीड़ दिख रही है। उनके पीछे मंडराते बादल उनके कैरेक्टर और लुक को और भी इम्प्रेसिव बना रहे हैं।

'सालार' के मेकर्स ने पृथ्वीराज सुकुमारन का लुक जारी कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है। होम्बाले फिल्म्स ने पृथ्वीराज का फर्स्ट लुक जारी करते हुए लिखा, वर्धराजा मन्नार, राजा पृथ्वीराज को शाही जन्मदिन की शुभकामनाएं। इसके रिप्लाई में पृथ्वीराज ने आभार जताया और लिखा,धन्यवाद! इसे दुनिया के देखने का इंतजार नहीं कर सकता।

पृथ्वीराज सुकुमार ने खुद भी सालार से अपना फर्स्ट लुक जारी करते हुए लिखा, होम्बाले फिल्म्स, प्रशांत नील, प्रभास, प्रभास और साराल की पूरी टीम! इस एपिक कहानी को दुनिया के देखते हुए इंतजार नहीं कर सकता। 'सालार' को 'केजीएफ' के डायरेक्टर प्रशांत नील डायरेक्ट किया है। यह फिल्म 22 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।'आदिपुरुष' के बाद, प्रभास के फैंस इस एक्शन थ्रिलर का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इससे पहले, निर्माताओं ने घोषणा की थी कि फिल्म 28 सितंबर को रिलीज होगी। हालांकि इसे स्थगित कर दिया गया क्योंकि मेकर्स ने फिल्म के पोस्ट-प्रोडक्शन पर काम करने का फैसला किया।प्रशांत नील की 'सालार' दो पार्ट में रिलीज होने वाली है। पहला पार्ट का नाम 'सालार्र पार्ट 1 ङ्क सीजफायर' है, जिसमें प्रभास, पृथ्वीराज सुकुमारन और श्रुति हासन लीड रोल में हैं। फिल्म में जगपति बाबू, टीनू आनंद, ईश्वरी राव, श्रिया रेड्डी और रामचंद्र राजू भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। पहली बार प्रभास ने प्रशांत नील और पृथ्वीराज सुकुमारन के साथ मिलकर काम किया है।

## टाइगर 3 से सामने आया इमरान हाशमी का विलेन लुक, एक्टर का खूंखार अवतार देख दंग रह जायेंगे आप

टाइगर 3 इस साल की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक है. कैटरीना कैफ, सलमान खान और इमरान हाशमी अभिनीत, मनीष शर्मा डायरेक्टेड फिल्म 16 अक्टूबर को फिल्म का एक दिलचस्प ट्रेलर जारी करने के बाद जबरदस्त चर्चा में है. जिससे फैंस को मोस्ट अवेटेड फिल्म की कहानी के बारे में जानकारी मिल गई है. फैंस जल्द ही फिल्म को बड़े पर्दे पर देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, वहीं अब फिल्म का एक नया पोस्टर जारी किया गया है जिसमें इमरान एक शानदार लुक में नजर आ रहे हैं.

फिल्म मेकर ने कल ट्रेलर रिलीज होने के तुरंत बाद सलमान खान, कैटरीना कैफ और इमरान हाशमी के साथ फिल्म का एक नया पोस्टर जारी किया. जहां फैंस तीनों की एक झलक पाने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, वहीं अब मेकर ने सोशल मीडिया पर एक और पोस्टर डाला है, जिसमें इमरान को खलनायक के रूप में दिखाया गया है. हाथ में बंदूक और चेहरे पर इंटेंस इम्पैक्ट के साथ, पोस्टर फैंस के बीच एक्साइटमेंट जगा रहा है. वह फिल्म में आतिश नाम के वीलेन की भूमिका निभाते नजर आएंगे.

सलमान खान की मोस्ट अवेटेड फिल्म टाइगर 3 का ट्रेलर एक दिन पहले यानी कल रिलीज हुआ है. ट्रेलर में सुपरस्टार सलमान खान ने धमाकेदार एंट्री की है. वहीं वंडर वुमेन कैटरीना कैफ भी अपने एक्शन अवतार से फैंस को इम्प्रेस कर रही हैं. इस बार फिल्म में जोया और अविनाश की कहानी आगे बढ़ती नजर आएगी. हिंदुस्तान और पाकिस्तान के दो जासूस जब प्यार में पड़ते हैं तो कैसे दोनों देशों की सरकारें उनकी किस्मत बदलने पर तुली रहती हैं. इसी फिल्म में रोमांटिक हीरो इमरान हाशमी सरप्राइज पैकेज जैसे हैं. ट्रेलर रिलीज होने के बाद से फैंस सोशल मीडिया पर जबरदस्त रिएक्शन दे रहे हैं. ट्विटर पर टाइगर 3 के लिए फैंस के रिएक्शन की बाढ़ आ गई है. इस ब्लॉकबस्टर एक्शन-ड्रामा के लिए लोग काफी एक्साइटेड नजर आ रहे हैं.






## जाह्नवी कपूर ने रिवीलिंग थाई स्लिट ड्रेस पहन कराया हॉट फोटोशूट

एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर बी-टाउन की ग्लैमरस अभिनेत्रियों में से एक हैं। वो आए दिन अपने स्टाइलिश फैशन स्टेटमेंट्स के कारण सोशल मीडिया पर चर्चाएं बटौरती रहती हैं। हाल ही में जाह्नवी कपूर ने एक इवेंट में शिरकत की थी। जहां उनके बोल्ड ड्रेसिंग सेंस को देखकर लोगों ने उन्हें काइली जेनर तो कभी भारत की किम कार्दशियन कहते हुए ट्रोल करना शुरू कर दिया है। धड़क फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने इंडस्ट्री में काफी कम समय में अपनी एक्टिंग के दम पर लोगों के बीच अपनी अच्छी-खासी पहचान बना ली है। हाल ही में एक्ट्रेस ने एक इवेंट के दौरान बेहद ही स्टाइलिश और रिवीलिंग थाई स्लिट गाउन पहना हुआ था। जाह्नवी कपूर के इस लुक को देखकर लोगों ने उन्हें एक बार फिर से ट्रोल करना शुरू कर दिया। बता दें कि एक्ट्रेस अपने ड्रेसिंग के चलते लोगों के बीच काफी लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। हालांकि कुछ लोग उनके ग्लैमरस अंदाज और बोल्ड ड्रेसिंग सेंस की तारीफ करते हैं। वहीं कुछ नेटिजन्स उनकी खिचाई करना भी शुरू कर देते हैं। जाह्नवी कपूर की इन फोटोज पर एक यूजर ने कॉमेंट करते हुए लिखा है- लाइट काइली जेनर तो वहीं दूसरे ने लिखा है- भारत की किम कार्दशियन। वहीं कुछ नेटिजन्स को उनका ये लुक काफी पसंद भी आ रहा है। एक यूजर ने कॉमेंट करते हुए लिखा- यार ये कितनी हॉट है। दूसरे यूजर ने लिखा है- गॉर्जियस।

CMYK

# छत्तीसगढ़ में कारोबारियों पर ईडी का कहर

## 90 लाख कैश,प्रापर्टी के दस्तावेज,बैंक एकाउंट और मोबाइल जब्त,ईडी के रडार पर कुछ नेता और अफसर

» छत्तीसगढ़ में ईडी ने की बड़ी कार्रवाई

» संदिग्ध लेनदेन के दस्तावेज, मोबाइल और डिजिटल सबूत जब्त




**रायपुर,18 अक्टूबर 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ में महादेव सट्टा एप्प कनेक्शन और मनी लांड्रिंग को लेकर प्रवर्तन निदेशालय ईडी की टीम ने दुर्ग और राजनांदगांव में 7 ठिकानों पर दबिश दी थी। 18 से 24 घंटों की जांच के बाद ईडी को कई अहम दस्तावेज हाथ लगे हैं। इस पूरी कार्रवाई में ईडी ने 90 लाख रुपये कैश,प्रॉपर्टी के दस्तावेज, मोबाइल और डिजिटल सबूत जब्त किए हैं। कुछ लोगों को पूछताछ के लिए रायपुर भी लाया गया है। साक्ष्यों की जांच के बाद ईडी द्वारा बड़ा खुलासा करेगी।

भिलाई पदुमनगर, नेहरु नगर और वैशाली नगर में ईडी की छापामार कार्रवाई सोमवार सुबह से मंगलवार तक चली थी। पांच व्यापारियों के यहां से आधी रात को ईडी की टीम लौट गई, लेकिन चावल व्यापारी के यहां टीम सुबह तक जांच करती रही। कार्रवाई के बाद ईडी चावल व्यापारी के बेटे को अपने साथ रायपुर स्थित कार्यालय ले गई, जहां उससे ईडी के अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं। ईडी के शिकंजे में कुछ नेता और अफसर भी आने वाले हैं। इन्हें हर महीने मोटी रकम पहुंचाई जाती थी। कार्रवाई में छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े पटाखा व्यापारी के घर ईडी देर रात तक जांच करती रही। ईडी ने यहां से कैश, प्रापर्टी के कई दस्तावेज, बैंक एकाउंट और दो मोबाइल जब्त किए हैं। अन्य छह 6 व्यापारियों के घर से 90 लाख रुपये बरामद किया गया है।

ईडी को व्यापारियों के घरों से कई डिजिटल साक्ष्य मिले हैं, जिसमें महादेव ऐप से जुडने् की बात सामने आई है। इनके माध्यम से रकम को खपाने के साक्ष्य भी ईडी के हाथ लगे हैं। मोबाइल और डिजिटल साक्ष्यों के बाद ईडीबड़ा खुलासा करेगी।

### अब तक 417 करोड़ की संपत्ति जब्त

ईडी अब तक छत्तीसगढ़ में रायपुर-दुर्ग, मध्य प्रदेश में भोपाल, महाराष्ट्र के मुंबई और पश्चिम बंगाल के कोलकाता सहित देशभर में 45 जगहों पर छापेमारी कर चुकी है। इस दौरान 417 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की गई है।

एजेंसी सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी करने की तैयारी में है। रायपुर में स्पेशल कोर्ट ने उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया है। छत्तीसगढ़ में आरोपियों के खिलाफ रेड कार्नर नोटिस जारी किया है।

### मृगांक को पुलिस ने मुंबई में 2 दिन पूर्व दबोचा

बता दें कि महादेव सट्टा एप को लेकर ईडी देशभर में जांच कर रही है। मृगांक मिश्रा (25) को दुबई से लौटने पर मुंबई के हवाई अड्डे पर सुरक्षाकर्मियों ने पकड़ा था और मुंबई में सहार पुलिस को सौंप दिया।राजस्थान में प्रतापगढ़ पुलिस का एक दल रविवार को मुंबई आया और उसे गिरफ्तार कर लिया। मृगांक मिश्रा महादेव बेटिंग ऐप मामले में प्रतापगढ़ पुलिस थाने में दर्ज धोखाधड़ी और जालसाजी के एक मामले में वांडेट हैं। उसके खिलाफ एक लुकआउट सर्कुलर स्र्ह्रष्ट जारी किया गया था। आरोपियों ने कुछ खातों से 2000 करोड़ रुपये का ट्रांजेक्शन किया है।



# सीएम बघेल ने कहा-शाह और ईडी,रमन-अमन,मोदी-अडानी

**रायपुर,18 अक्टूबर 2023(ए)।** सीएमभूपेश बघेल राजनांदगांव और कांकेर जिले के लिए रवाना होने से पूर्व हैलीपेड में मिडिया के सवालों का जवाब दिए। उन्होंने बीजेपी, अमित शाह, ईडी , रमन और अमन सहित पीएम मोदी-अडानी पर अपने ही अंदाज़ में तंज कसा।

पुलिस लाइन रायपुर हेलीपैड में सीएम भूपेश बघेल ने कहा- पहले दिन ही मैंने बोल दिया था की निर्वाचन आयोग इसपर संज्ञान ले। त्योहार के चलते चुनावी तारीख में फेरबदल करें।

गृहमंत्री शाह और ईडी के विषय पर बोले कि अमित शाह आए थे ईडी लेकर, आते है तब भी लाते हैं और जाते हैं तब भी लाते है, तो उसका जवाब भी देना है। फिर परसो आ रहे हैं तो उसके स्वागत में फिर ईडी आ रही है।

कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग में अमित शाह की शिकायत दर्ज की है। भड़काऊ बयान देने पर कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग को सौंपा ज्ञापन। बिल्कुल शिकायत करेंगे यह भड़काने वाला काम कर रहे हैं। गृह मंत्री होकर लोगों की भावनाओं को भड़काएंगे तो शिकायत होगी ही।

पूर्व सीएम रमन सिंह पर सीएम भूपेश बघेल ने पलटवार किया है। ष्ट्ररू ने कहा यहां भाजपा नहीं लड़ रही रमन सिंह लड़ रहे हैं। रमन सिंह का मतलब पीछे अमन सिंह है। अमन सिंह मोदी के साथ मोदी अडानी के साथ है। अडानी ने छग की खदानों को गिनकर निकाला है।

छग में पहले ही घोषणा कर दिए की 20 क्विंटल धान खरीदेंगे। दूसरा 17 लाख परिवार को आवास देंगे भारत सरकार दें न दे। साढ़े 7 लाख लोगों को किश्त चली गई है। 10 लाख लोगों को और देंगे प्रियंका जी ने घोषणा की है।

जाति जनगणना करेंगे यह भी घोषणा की गई है। भाजपा अब तक उल्टा लटकाने में लगी हुई है। छग में अमित शाह आए पर उन्होंने कोई बात नहीं कही, किसानों और महिलाओं के लिए क्या करेंगे, केवल उल्टा लटकाने की बात कहते हैं। इसलिए उन्हें कुछ नहीं सूझ रहा, क्यूंकि खदान और अडानी के बीच में कांग्रेस की सरकार खड़ी हुई है।

भाजपा मौन है, हम सत्ता में है फिर भी तीन बड़ी घोषणाएं है। साढ़े 17 लाख परिवारों को देंगे तो पैसा कितना जाता है 18 से 20 हजार करोड़ रुपए, केंद्र सरकार सहयोग करे न करे हम फिर भी देंगे, लेकिन भाजपा मौन है क्योंकि उन्हें पता है वह सरकार में नहीं आने वाली है।

असम सीएम हिमंता बिस्वा सरमा के छग दौरे पर सीएम बघेल ने कहा, पहले मुंडन करवा लें हिंदू होने की बात करें, आ रहे है तो हिसाब किताब ले आए असम का, सरकारी फंड से क्या किए हैं बताएं ?

# विधानसभा चुनाव के लिए आयोग संभाली पूरी कमान




» 10 हजार से अधिक वाहन अधिग्रहित

**रायपुर,18 अक्टूबर 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव का बिगुल बजने के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गया है। इसके बाद से चुनाव आयोग ने पूरी कमान संभाल ली है।

राजनीतिक दलों की तैयारी के साथ ही चुनाव आयोग के निर्देश पर मतदान दलों, अर्धसैनिक बलों आदि को लाने और ले जाने के लिए सभी प्रकार के वाहनों का अधिग्रहण शुरू हो चुका है। अब तक पूरे प्रदेश में 10 हजार से अधिक वाहनों का अधिग्रहण किया जा चुका है। इस काम में सबसे बड़ी जिम्मेदारी हमेशा की तरह परिवहन निभा रहा है।

### अधिग्रहित वाहनों पर प्रस्तावित किराया तय

विधानसभा चुनाव और आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 और भविष्य में होने वाले उपचुनाव के समय लगाए जाने वाले शासकीय और अर्धशासकीय वाहनों का किराया दर परिवहन विभाग की ओर से प्रस्तावित कर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ को भेज दिया गया है।परिवहन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में दो चरणों सात और सत्रह नंवबर को होने जा रहे विधानसभा चुनाव के मतदान और उसके बाद तीन दिसंबर को होने वाले मतगणना को देखते हुए 10 हजार से अधिक वाहनों का अधिग्रहण किया गया है। इसमें यात्री बस और ट्रक,कार आदि वाहन शामिल है।

जिला कलेक्टरों के निर्देश पर परिवहन विभाग फिटनेस और वाहनों की जांच कर इनका अधिग्रहण कर रहा है। साथ ही जिला पुलिस को इन वाहनों को सौंपा जा रहा है। प्रथम चरण में बस और ट्रक मालिकों को वाहन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है।

इसके बाद दूसरे चरण में मतदान दल और अधिकारियों के लिए वाहनों का अधिग्रहण किया जाएगा। इसकी की कमी होने पर आरटीओ का अमला मैदान में उतरकर वाहनों को जब्त करेगा।गौरतलब है कि आचार संहिता लगने के पहले के पहले ही केंद्रीय फोर्स के जवानों के आने का सिलसिला शुरू हो गया है।इसके देखते हुए उनके लिए वाहनों का अधिग्रहण शुरू कर दिया गया है।

# अनूप नाग निर्दलीय के रूप में लड़ेंगे चुनाव

### कांग्रेस में बगावत शुरू

**रायपुर,18 अक्टूबर 2023(ए)।** कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने से अब कांग्रेस के टिकट दावेदारों से बागवती सुर अख्तियार करना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में अंतागढ़ विधानसभा सीट से कांग्रेस के वर्तमान विधायक अनूप नाग ने निर्दलीय चुनाव लडने् का मन बनाते हुए अपने समर्थकों के साथ नामांकन लेने आज कलेक्टोरेट पहुंचे हैं। सूत्रों की माने तो कांग्रेस ने अंतागढ़ से अनूप नाग का टिकट काटकर नए प्रत्याशी रूप सिंह पोटाई को कांग्रेस का अधिकृत प्रत्याशी बनाया है। इसे लेकर श्री नाग के समर्थक भड़के हुए हैं। कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान भी



पीसीसी प्रमुख दीपक बैज के समक्ष अनूप नहीं तो कोई नहीं के नारे जमकर लगे थे। इसी तरह राजधानी रायपुर में भी बगावत के सुर उठने लगे हैं। बताया जाता है कि दावेदारों को कांग्रेस की दूसरी संभावित सूची की भनक लग गई है और इसमें उनका नाम भी कट गया है। लिहाजा इसकी पुष्टि का इंतजार कर रहे हैं। कई दावेदारों ने कहा कि पार्टी अब निष्ठा नहीं देख रही है। कांग्रेस के कई दावेदारों का कहना है कि वे वर्षो से पार्टी की सेवा करते आ रहे हैं। पार्टी से मिले दायित्वों को पूरी ईमानदारी से पूरा करते आ रहे हैं। अब चुनाव के समय अचानक उनका नाम काटा जाना समझ से परे हैं। अधिकांश दावेदार आज कांग्रेस भवन से जानकारी लेते दिखे।

# साजा में चुनाव का सियासी संग्राम

### रविंद्र चौबे और ईश्वर साहू का चुनाव बना हाईप्रोफाइल सीट पर पुरे प्रदेश की नज़र

**बेमेतरा,18 अक्टूबर 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले की तीनो ही विधानसभा क्षेत्र इस बार हाईप्रोफइल सीट में तब्दील हो गई हैं। सबसे पहले बात साजा विधानसभा क्षेत्र की, यहाँ इस बात की ही चर्चा है कि इस बार सियासत कौन सी करवट लेगा? हर किसी के जेहन में यही सवाल उठ रहा है, क्योंकि बीजेपी ने यहां बड़ा दांव खेलते हुए एक ऐसे लो प्रोफ़ाइल व्यक्ति को टिकट दी है, जिसका कोई राजनीतिक बैकग्राउंड नहीं है। साजा विधानसभा से 7 बार चुनाव जीत चुके दिग्गज नेता रविंद्र चौबे के सामने भाजपा ने बिरनपुर हिंसा के पीड़ित ईश्वर साहू को मैदान में उतारा है। जिसके बाद ये सवाल सियासी फिज़ां में तैर रहे हैं कि कौन किस पर भारी पड़ेगा?



यह बड़ा सवाल साजा इलाके में इसलिए सबकी जुबां पर आ रहा है, क्योंकि जब भाजपा ने एकदम आम पृष्ठभूमि के गरीब ग्रामीण ईश्वर साहू को मैदान में उतारा तो कहा गया कि सरकार के वरिष्ठ मंत्री रवींद्र चौबे जैसे शेर के मुकाबले भाजपा ने बकरी को आगे कर दिया है। लेकिन जब यही सवाल ईश्वर साहू से पूछा गया तो उसका जवाब था कि जब शेर को पिंजरे में बंद करना होता है, तब उसके सामने बकरी बांधी जाती है। छत्तीसगढ़ के सियासी इतिहास में शायद ये पहला मौका है जब पूरी तरह से सांप्रदायिकता के शिकार गरीब को फ्रंट फुट पर रखकर कोई चुनाव लड़ा जा रहा है। भाजपा का ये हिंदुत्व कार्ड कितना काम करेगा, इसे तो जनता 17 नवंबर को ईवीएम की बटन दबाकर तय करेगी। लेकिन फिलहाल बीजेपी से ईश्वर साहू और अब कांग्रेस से रविंद्र चौबे का नाम फाइनल हो जाने के बाद इस सीट पर आमने-सामने की लड़ाई शुरू हो गई है। रविंद्र चौबे जैसे कद्दावर के सामने ईश्वर साहू के मुकाबले का नतीजा चाहे जो हो, लेकिन ये तो तय है कि पूरे प्रदेश की नज़रें बीजेपी के इस प्रयोग पर टिकी हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का कहना है कि ईश्वर साहू विशुद्ध रूप से गैर राजनीतिक व्यक्ति हैं। भाजपा लाख कोशिश करे लेकिन बिरनपुर मुद्दा नहीं हो सकता। डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव कहते हैं कि ये एक प्रयोग है भावनाओ से खेलने का, भाजपा सहानुभूति पाना चाहती है।

# डा.रमन सिंह के साथ आप ने भी निर्वाचन आयोग से की द्वितीय चरण की मतदान तिथि में बदलाव की मांग

**रायपुर,18 अक्टूबर 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव के द्वितीय चरण की तारीख में बदलाव की मांग करते हुए पूर्व सीएम डा. रमन सिंह ने निर्वाचन आयोग को ट्वीट किया है। इसके पीछे उन्होंने छठ पूजा पर्व को लेकर कारण दिया है।



ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ में दो चरणों में विधानसभा चुनाव के लिए तारीखों का ऐलान हो चुका है। पहले चरण के लिए 7 नवंबर को सीटों पर मतदान किया जाएगा और दूसरे चरण में 17 नवंबर को बची हुई 70 सीटों पर वोटिंग होगी। लेकिन चुनावी सरगर्मी के बीच पूर्व सीएम रमन सिंह ने दूसरे चरण के मतदान की तारीखों में बदलाव की मांग की है। पूर्व सीएम रमन सिंह ने ट्वीट कर लिखा है कि छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण (17 नवंबर) के निकट छठ पूजा का पर्व आने से बड़ी संख्या में मतदाता इस निर्वाचन प्रक्रिया का हिस्सा नहीं बन पायेंगे। मैं निर्वाचन आयोग से आग्रह करता हूं कि दूसरे चरण के मतदान को आगे बढ़ाने की कृपा करें, जिससे अधिक से अधिक संख्या में मतदाता इस चुनाव से जुड़कर अपने मताधिकार का पयोग कर पाएं।

### आप ने की द्वितीय चरण के मतदान तिथि में बदलने की मांग

आम आदमी पार्टी ने प्रतिनिधिमंडल ने उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नीलेश महादेव क्षीरसागर को तीज-त्योहारों के मद्देनजर 17 नवंबर को प्रस्तावित द्वितीय चरण मतदान तिथि को बदलकर 25 नवंबर को संपन्न कराने की गुजारिश की।

# छत्तीसगढ़ में धूम मचाने भाजपा के स्टार प्रचारक तैयार




**रायपुर,18 अक्टूबर 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने अपने स्टार प्रचारक तय कर लिए हैं। राज्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 3 और सभाएं करने की तैयारी आरम्भ हो गई है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के निर्वाचन क्षेत्र राजनांदगांव के साथ सरगुजा में प्रधानमंत्री मोदी की सभा होने की संभावना है।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की 6 सभाएं होंगी। 19 अक्टूबर को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, 20 अक्टूबर को पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद, 23 व 24 अक्टूबर को उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सरगुजा संभाग का दौरा होगा।योगी आदित्यनाथ 2 दिवसीय दौरे में सरगुजा संभाग में सभाओं को संबोधित करेंगे।

केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी 25 और 26 अक्टूबर को, केंद्रीय महिला बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी 28 अक्टूबर को तथा केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का 4 व 5 नवंबर को बस्तर और राजनांदगांव दौरा संभावित है। सांसद रवि किशन और मनोज तिवारी रायपुर व भिलाई में सभा को संबोधित करेंगे।

# पंडरिया में भावना बोहरा और नीलकंठ चंद्रवंशी में टक्कर

**कवर्धा,18 अक्टूबर 2023(ए)।** पंडरिया विधानसभा की तो इस बार यहां दोनों पार्टियों ने युवा चेहरों पर दांव लगाया है। पंडरिया विधानसभा में कांग्रेस ने नीलकंठ चंद्रवंशी को यहां से अपना उम्मीदवार बनाया है। वहीं भाजपा ने आज सूची जारी करते हुए पंडरिया जिला पंचायत पंचायत सभापति भावना बोहरा को अपना प्रत्याशी बनाया है। अब देखना यह होगा कि, पंडरिया की जनता इस बार किस पार्टी के प्रत्याशी के सिर पर जीत का ताज सजाती है।

चुनाव की सूची जारी होते ही चुनावी हलचल तेज हो गई । छत्तीसगढ़ समेत पांच राज्यों में चुनावी बिगुल बज चुका है। चुनाव की तरीकों का ऐलान होते ही सभी राजनैतिक पार्टियों में खलबली मच गई है। सभी पार्टियां चुनाव जीतने



के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक रही है।एक तरफ जहां सत्ता में काबिज कांग्रेस एक बार फिर से प्रदेश में अपनी सरकार बनाने के लिए जोर दे रही है, तो वहीं दूसरी तरफ भाजपा सत्ता पाने के लिए बेताब है। ऐसे में दोनों ही पार्टियां प्रत्याशियों के चयन में फूंक-फूंककर कदम रख रही है।

भावना बोहरा कवर्धा और बेमेतरा जिले में अपने सामाजिक कार्य को लेकर जानी जाती हैं। उन्होंने अपने क्षेत्र में कई प्रकार के सामाजिक कार्य कराने के साथ ही लोगों की समस्या को लेकर कई प्रकार के आंदोलन में भी शामिल हुई हैं। पढ़ने के साथ भावना बोहरा को शुरु से सामाजिक कार्यों के प्रति लगन रही है। भावना, समाज सेवा से खुद को दूर नहीं रख पाई ।

इसके लिए उन्होंने भावना सामाजिक संस्थान की स्थापना की है, जिसका मूल उद्देश्य है ग्रामीण क्षेत्र के लोगों का मूलभूत विकास, उसमें भी उनका मुख्य फोकस ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति करने के साथ ही उनकी शिक्षा और उनको आत्मनिर्भर बनाने पर रहता है । भावना बोहरा ने अपनी संस्था की तरफ से कोरोना संक्रमण में भी जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए निरंतर कार्य किए हैं ।

# करोड़ों कैश और गहनों के साथ अवैध शराब जब्त

**रायपुर,18 अक्टूबर 2023(ए)।** निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों का कहना है कि निगरानी दल, धन और वस्तुओं के अवैध परिवहन तथा संग्रहण पर नजर रख रहा है। 16 अक्टूबर तक पांच करोड़, 57 लाख 18 हजार 352 रुपये की राशि तथा वस्तु बरामद की गई है। इसमें 85 लाख 2 हजार 655 रुपये से अधिक नकद राशि बरामद की गई है। निगरानी के दौरान अब तक 11 हजार 851 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है, जिसकी कीमत 37 लाख 57 हजार 549 रुपये है।छत्ते तीसगढ़ में निगरानी दलों की सघन जांच के दौरान अवैध धनराशि और वस्तुओं की बरामदगी का आंकड़ा लगातार बढ़ते जा रहा है। 16 अक्टूबर तक यह आंकड़ा पांच करोड़ 57 लाख रुपये से अधिक का हो गया है।

सघन जांच अभियान के तहत अधिकारियों ने अवैध रूप से अन्य सामग्रियां जिनकी कीमत दो करोड़ तीन लाख 563 रुपये है, को जब्त किया है। इसके अतिरिक्त एक करोड़ 70 लाख रुपये कीमत के 63




किलोग्राम से अधिक कीमती आभूषण तथा रत्न भी तलाशी के दौरान जब्त किया गया है। मंगलवार को तीसरे दिन 11 अभ्यर्थियों ने 16 नामांकन पत्र दाखिल किए। इस प्रकार पहले चरण के लिए अब तक कुल 17 अभ्यर्थियों ने 23 नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। तीसरे दिन कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक पांच, मोहला-मानपुर में तीन, डोंगरगढ़ में दो तथा खैरागढ़, अंतागढ़, कांकेर, केशकाल, जगदलपुर और बीजापुर में एक - एक नामांकन पत्र दाखिल किया गया है।प्रथम चरण में बस्तर संभाग की 12 निर्वाचन क्षेत्रों सहित राजनांदगांव, मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई तथा कबीरधाम जिलों के आठ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में नामांकन की प्रक्रिया जारी है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में दो चरणों में हो रहे निर्वाचन के पहले चरण की 20 सीटों के लिए 20 अक्टूबर तक नामांकन पत्र भरे जा सकते हैं। 21 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी तथा प्रत्याशी 23 अक्टूबर तक अपना नाम वापस ले सकेंगे।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया राजनांदगांव जिले के चारों विधानसभा सीटों में कांग्रेस की जीत का दावा

### गिरीश देवांगन ने राजनांदगांव से जमा किया नामांकन

**रायपुर,18 अक्टूबर 2023(ए)।** राजनांदगांव जिले के चारों विधानसभा सीटों में कांग्रेस की जीत का दावा करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि जिले की तीन सीटों पर कांग्रेस के विधायक हैं, तो वहीं अब राजनांदगांव विधानसभा भी जीतेंगे।कांग्रेस



उम्मीदवार गिरीश देवांगन ने राजनांदगांव विधानसभा से नामांकन जमा किया। इस दौरान सीएम भूपेश बघेल और दीपक बैज मौजूद रहे। बता दें कि इस दौरान कांग्रेस कमेटी के द्वारा नामांकन रैली का आयोजन किया गया था, जिसमें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शिरकत की।राजनांदगांव शहर के स्टेट हाई स्कूल मैदान में आयोजित जनसभा को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने संबोधित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को आड़े हाथों लेते हुए छत्तीसगढ़ में धान खरीदी सहित कई मुद्दों पर अपनी बात रखी।सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने पहले साल में 82 लाख मैट्रिक टन धान खरीदी की शुरुआत की जो आज 130 लाख मैट्रिक टन तक पहुंच गयी है।वहीं उन्होंने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने 86 लाख से घटकर इसे 61 लाख कर दिया है।वहीं महंगी बिजली के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि अडानी के महंगे में कोयला खरीदने के चलते बिजली की कीमत बढ़ गई है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)